आज का विचार

अपना व्यक्तित्व ऐसा बनाओ कि आपकी उपस्थिति का भले ही पता न चले पर आपकी अनुपस्थिति का अहसास सबको हो।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



7



भूपेंद्र शर्मा, मुख्य संपादक

चंडीगढ़। मंगलवार, 26 सितंबर, 2023 | वर्ष 21, अंक 226, मूल्यः 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com


# यमुनानगर को बड़ी सौगात, सीएम ने पांजुपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

## लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से 30 माह में बनकर तैयार होगा मेडिकल कॉलेज, प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को पूरा करेंगे हर जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेजः मनोहर लाल

**दर्पण न्यूज सर्विस**

यमुनानगर। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज यमुनानगर वासियों को बड़ी सौगात देते हुए गांव पांजुपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज को लगभग 30 माह में पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, वन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय की ले-आउट प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और परिसर में पौधा रोपण भी किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चारण के बीच राजकीय मेडिकल कालेज का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज परियोजना की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत 100 सीटों का मेडिकल कालेज, 500 बैड का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथेरेपी संस्थान का भी निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की घोषणा वर्ष 2021 में की गई थी और वर्ष 2022 में इस कॉलेज का नामकरण किया गया था। अब इस कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने का प्रयास करना चाहिए, इसके लिए नियमित रूप से योगा, सैर, साइकिलिंग करने के साथ-साथ खानपान पर नियंत्रण रखना चाहिए। राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोल रही है। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जितनी भी घोषणाएं की थी उनको धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। सरकार ने निरोगी योजना के तहत प्रथम चरण में 1 लाख 80 हजार रुपए तक आय वाले प्रदेश के 1 करोड़ 41 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक 21 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है और आने वाले 1.5 साल में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।






श्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत सरकार ने आयुष्मान योजना लागू की और प्रदेश सरकार ने इसे आगे बढ़ाकर चिरायु योजना को लागू किया है। सरकार ने अभी हाल में ही 3 लाख की आय वाले व्यक्ति को भी 1500 रुपए प्रीमियम देने के बाद योजना का लाभ देने का निर्णय लिया। इस योजना के तहत 15 हजार परिवारों ने अपना पंजीकरण करवाया है और जल्द ही यह संख्या 50 हजार पहुंच जाएगी।

हरियाणा के वन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से यमुनानगर के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। इस सरकार के कार्यकाल में मेडिकल सेवाओं को दोगुना किया गया है और डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का काम किया जा रहा है। इस हल्का में भी 12 बेड के 2 अस्पतालों को 30-30 बेड का और डिस्पेंसरी को अस्पताल बनाया गया है। इस सरकार के कार्यकाल में पिछली सरकार के कार्यकाल से 3 गुणा से ज्यादा स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास कार्य करवाए हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, एसएस बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन भोपाल खदरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर मदन चौहान, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका, पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा, जगाधरी के एसडीएम अमित गुलिया, रोजी मलिक आनन्द, राम निवास गर्ग सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हरियाणा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को हुक्का परोसने पर पूर्ण प्रतिबंधः मनोहर लाल

## साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले पुलिस कर्मियों को 5 दिन की छुट्टी सहित, डीजीपी से मिलेगा सीसी-1 प्रशस्ति पत्र

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने राज्य भर में होटल, रेस्तरां, बार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को हुक्का परोसने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। हालांकि, यह रोक ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल होने वाले परंपरागत हुक्के पर लागू नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने आज दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत राज्य स्तरीय ह्यसाइक्लोथॉनह्य - साइकिल रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन के दौरान 25 दिनों तक अथक प्रयास करने वाले पुलिस कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि सभी 250 प्रतिभागी कर्मियों को डीजीपी हरियाणा से क्लास-1 प्रशस्ति प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इन समर्पित पुलिस कर्मियों के लिए पांच दिन की छुट्टी की भी घोषणा की। साइकिल चलन को बढ़ावा देने और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए श्री मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और व्यक्तियों को आवास सुविधाएं प्रदान करने वाला कोई भी लाइसेंस प्राप्त बिल्डर संपत्ति रजिस्ट्री के साथ संपत्ति के मालिक को एक साइकिल उपहार में देगा। ऐसे मामलों में जहां लाभार्थी के पास पहले से ही साइकिल है, एचएसवीपी या बिल्डर साइकिल के बदले में 3000 रुपये देगा।

उन्होंने बताया कि उन्होंने 1 सितंबर, 2023 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई थी और आज, साइकिल रैली वहीं समाप्त हो गई जहां से यह शुरू हुई थी। उन्होंने भाग लेने वाले युवाओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया और नशीली दवाओं की लत से निपटने के उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। मनोहर लाल ने कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की सम्मानजनक उपस्थिति पर प्रकाश डाला और राज्य के नशामुक्ति प्रयासों में आध्यात्मिक संतों के समर्थन के महत्व को भी रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें नशीली दवाओं के पीड़ितों और नशीली दवाओं के तस्करों पर राज्यव्यापी डेटा एकत्र करने के लिए प्रयास नामक एक मोबाइल ऐप का विकास भी शामिल है। इसके अलावा, नशीली दवाओं के व्यापार से संबंधित आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत राज्य डेटाबेस बनाने के लिए हॉक नामक एक सॉफ्टवेयर बनाया गया है। उन्होंने 5 मई को शुरू की गई राज्य कार्य योजना पर प्रकाश डाला, जिसमें तीन घटक शामिल हैंः एक जन जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति और पुनर्वास तथा नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और 9050891508 डायल करके पुलिस को नशीली दवाओं की बिक्री, खरीद और उपभोग के बारे में सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, सांसद श्री संजय भाटिया, विधायक श्री रामकुमार कश्यप, श्री हरविंदर कल्याण, श्री धर्मपाल गोंदर और अन्य उपस्थित थे।

# मान ने मनप्रीत को कानूनी सुरक्षा मांगने की बजाय सच का सामना करने की चुनौती दी

## ईमानदारी की शेखीयाँ मारने वाले अब कानून के शिंकजे से बचने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैंः भगवंत मान

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल पर तंज कसते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि लोगों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाने वाले अब कानून के शिकंजे से बचने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं।

यहाँ से जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि सच बोलने और सच पर पहरा देने में बहुत फर्क होता है। उन्होंने कहा कि पहले यह नेता अक्सर कहा करते थे कि उनके खिलाफ जोभी कार्यवाही होगी, वह उसका सामना करेंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब कानूनी कार्यवाही के डर से यह नेता गिरफ्तार होने के अंदेशे जाहिर करके कानूनी सुरक्षा माँग रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पाखंडी नेताओं ने हमेशा लच्छेदार भाषणों से लोगों को मूर्ख बनाया। उन्होंने कहा कि लोक सेवा की आड़ में इन नेताओं ने राज्य के खजाने को लूटा, जिसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं को अपने गुनाहों का हिसाब देना पड़ेगा और सरकार के खजाने का एक-एक पैसा वसूल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री को ईमानदारी और सादगी के बड़े दावे करने की बजाय कानूनी कार्यवाही का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समूचा पंजाब पूर्व वित्त मंत्री के बुरे कारनामों से भली-भाँति वाकिफ है। उन्होंने कहा कि मनप्रीत बादल का लम्बे समय तक वित्त मंत्री होते हुए लोगों का खजाना लूटने वाले लोगों के साथ साँठ-गाँठ रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि मनप्रीत के वित्त मंत्री होते हुए लोगों के कल्याण के लिए खजाने खाली होते थे, परन्तु कुछ लोगों को सरकार के खजाने की अंधी लूट की छूट थी।

# साइबर अपराध को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस की रफतार हुई तेज, हेल्पलाइन पर तैनात कर्मियों की संख्या की गई दोगुनी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। प्रदेश में अब साइबर अपराध को रोकने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन - 1930 पहले की अपेक्षा दोगुनी रफतार से काम करने जा रहा है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार अब साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात स्टाफ की संख्या को पहले से दोगुना किया गया है ताकि हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का पहले की अपेक्षा और अधिक शीघ्रता से समाधान किया जा सके।



श्री कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में तकनीक के साथ साथ साइबर अपराधों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। साइबर अपराधी नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते हुए लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड करके उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों का तत्परता से समाधान किया जाए। इसके अलावा, लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देने को लेकर जल्द ही जागरूकता अभियानों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि लोग सतर्क रहें और बैंक खाता संबंधी निजी जानकारी किसी के साथ साझा ना करें। उन्होंने कहा कि इसे लेकर बैंकर्स के साथ भी बैठक आयोजित किए जाने की योजना है ताकि उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम किया जा सके।

गौरतलब है कि हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर द्वारा पिछले सप्ताह सेक्टर-3 पंचकूला स्थित 112-आईआरएसएस में संचालित किए जा रहे हेल्पलाइन नंबर-1930 के कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान श्री कपूर ने यहां तैनात ड्यूटी स्टाफ से उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने स्टाफ से पूछा कि जब उन्हें साइबर अपराध संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो पीड़ित व्यक्ति से क्या-क्या जानकारी ली जाती है और एसओपी क्या है जिस पर उपस्थित स्टाफ ने उन्हें अपनी कार्यप्रणाली के बारे में बताया।

# साइक्लोथॉन यात्रा रादौर पहुंचने पर कर्णदेव कांबोज ने स्वागत किया

**दर्पण न्यूज सर्विस**

रादौर। ड्रग फ्री हरियाणा की मुहिम के तहत चलाई जा रही साइक्लोथॉन यात्रा सोमवार को रादौर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। यात्रा के रादौर विधानसभा में पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फुलमालाएं पहनाकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा गांव जयपुर, अलाहर, पालेवाला, माधुबांस, मंधार, गुमथला आदि गांवो में पहुंची। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा की मुहिम को लेकर साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने किया। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को नशे से दूरी बनाए जाने को लेकर संदेश दिया जा रहा है। नशा हमारे समाज को खोखला कर देता है। यह एक साईलेंट दुश्मन की तरह आक्रमण करता है। जिसमें हमारा युवा वर्ग फंसकर समाज के ताने बाने को बिगाडते है। युवा जागे और नशे से दूर रहकर अपना भविष्य देश की उन्नति में लगाए। उन्होंने कहा कि नशा ही समाज में हर जुर्म का कारण होता है। इसलिए नशे को ना और जिदंगी को हां कहे।



इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाक, ब्लॉक अध्यक्ष चेयरमैन विपिन कांबोज, मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेडी, ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष पम्मी खेडकी, हरपाल मारुपुर, महामंत्री महेंद्र चानना, जगदीश मेहता जठलाना, राजकुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू, इसका उपयोग करें, भर्ती प्रक्रिया में लगने वाले समय को और कम करें

# योगी आदित्यनाथ ने विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा की, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**दर्पण न्यूज सर्विस**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्ष के साथ विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता से विभागीय कार्यक्षमता में वृद्धि होती है तथा जनहित के कार्यों में तेजी आती है। इसलिए सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। नियुक्तियों में विलम्ब से केवल बैकलॉग बढ़ता है। युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलते है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढाए।

सभी विभागों में ग्राम/नगर और जनपद से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों/प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ह्यई-अधियाचनह्य की व्यवस्था लागू की गई है, इसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है। तद्नुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किये गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराया जाए। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसम्बर माह तक पूरी की जाए। भर्ती के सापेक्ष हमें प्रशिक्षण क्षमता को भी बढ़ाना होगा तथा तकनीक का उपयोग करते हुए भर्ती प्रक्रिया में लगने वाले समय को और कम करना होगा।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना चाहिए। पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं। इस वर्ष मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष अथवा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए। जिन विभागों में अतिरिक्त कार्मिकों की उपलब्धता हो, उन्हें नियमानुसार अन्य विभागों में समायोजित किया जाए। पदोन्नति वाले पदों में यदि योग्य व्यक्ति न मिलें तो प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जाना चाहिए। पदोन्नति में आवश्यकतानुसार शिथिलीकरण भी किया जा सकता है।

जनपद वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। इसके कारण अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। प्राथमिकता के साथ यहां योग्य कार्मिकों की तैनाती की जाए। आकांक्षात्मक जनपद, आकांक्षात्मक विकास खण्ड और आकांक्षात्मक नगरीय निकायों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित करें कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के मानव संसाधन की रिक्ति न हो। विभिन्न कार्यों में तैनात आउटसोर्सिंग कार्मिकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्मिकों को न्यूनतम मानदेय अवश्य मिले, समय पर मिले और पूरा मिले। किसी भी दशा में एक भी कर्मचारी का शोषण नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन और व्यय में तेजी की अपेक्षा है। विभागीय स्तर पर खर्च की समीक्षा भी की जाए। सम्बन्धित मंत्रीगण अपने विभागीय बजट की स्थिति की समीक्षा करें। मुख्य सचिव द्वारा विभागीय आवंटन और व्यय की स्थिति की मासिक समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर सम्भव सहायता मिल रही है। केंद्र सरकार से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें। सभी विभाग शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भेजना सुनिश्चित करें।

## आज का कार्टून



# मनप्रीत बादल और अन्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज, तीन गिरफ्तार

## सरकार का करीब 65 लाख रुपए का हुआ वित्तीय नुकसान

**जाँच में पता लगा कि बादल ने मॉडल टाउन बठिंडा में कम दाम पर दो प्लॉट खरीदने की रची थी साजिश**



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही मुहिम के दौरान पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल और चार अन्यों के खिलाफ आपराधिक और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। इस मामले में विजीलैंस ने तीन मुलजिमों राजीव कुमार निवासी न्यू शक्ति नगर बठिंडा, अमनदीप सिंह निवासी लाल सिंह बस्ती बठिंडा और विकास अरोड़ा निवासी टैगोर नगर बठिंडा को गिरफ्तार कर लिया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त मामला बठिंडा शहरी के पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला द्वारा मनप्रीत सिंह बादल और अन्यों के खिलाफ दर्ज करवाई गई शिकायत की जाँच के उपरांत दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पड़ताल के दौरान पाया गया कि मनप्रीत सिंह बादल ने साल 2018 से 2021 तक वित्त मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान अपने राजनीतिक दबाव और प्रभाव के स्वरूप मॉडल टाउन फेज-1 बठिंडा, नजदीक टी.वी. टावर में 1560 वर्ग गज के दो प्लॉट खरीदे, जिस कारण सरकारी खजाने को लाखों रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायत नंबर 11/2022 की जाँच के दौरान यह पाया गया कि पूर्व वित्त मंत्री ने अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए बी.डी.ए. बठिंडा के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके साल 2021 में प्लॉट्स की बोली के दौरान आम लोगों को गुमराह करते हुए नकली नक्शे अपलोड करवाए गए थे, जिससे बोली प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी को रोका जा सके। इसके अलावा अपलोड किए गए नक्शे में प्लॉट नंबर 725-सी (560 वर्ग गज) और 726 (1000 वर्ग गज) को भी आवासीय की बजाय व्यापारिक तौर पर दिखाया गया था और प्लॉट्स के नंबर ऑनलाइन ई-ऑक्शन पोर्टल और दिखाए गए नक्शे में नहीं दिखाए गए थे। इसके अलावा इन प्लॉट्स की नीलामी के लिए बलविन्दर कौर, प्रशासनिक अधिकारी, बी.डी.ए. बठिंडा के डिजिटल हस्ताक्षरों का प्रयोग उनकी इजाजत के बिना किया गया। पड़ताल के दौरान यह बात भी सामने आई कि राजीव कुमार, विकास अरोड़ा और अमनदीप सिंह नामक अकेले तीन बोलीदाताओं के लिए बोली एक ही व्यक्ति एडवोकेट संजीव कुमार द्वारा एक ही आई.पी. एड्रेस से की गई। इसके अलावा दोनों प्लॉट्स बोलीदाताओं द्वारा 2021 में कम दाम पर खरीदे गए थे, जो दाम साल 2018 में नीलामी के समय पर तय किए गए थे, जिस कारण सरकार को करीब 65 लाख रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ था। पूर्व वित्त मंत्री ने बीडीए बठिंडा से अलॉटमैंट पत्र मिलने से पहले अपने जाने-पहचाने बोलीदाताओं से एग्रीमैंट्स के द्वारा दोनों प्लॉट्स खरीद लिए। यह भी पता लगा है कि मनप्रीत सिंह बादल ने सफल अलॉटियों को 25 प्रतिशत बयाना पहले ही ट्रांसफर कर दिया, जिससे पता लगता है कि उनकी बोलीदाताओं से पहले ही मिलीभगत थी। उन्होंने आगे बताया कि विजीलैंस ब्यूरो द्वारा इस केस में अन्य दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और आगे की जाँच के दौरान अन्य दोषियों के शामिल होने संबंधी भी पता लगाया जाएगा।

## फसलीय विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए मशरूम उत्पादकों की समस्याओं को दूर करेंगे: जौड़ामाजरा



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा राज्य में फसलीय विविधता को प्रोत्साहित करने की वचनबद्धता को दोहराते हुए बागबानी मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने आज मशरूम उत्पादकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द हल निकाला जाएगा। यहाँ सिविल सचिवालय स्थित अपने दफ्तर में बागबानी, उद्योग और वाणिज्य विभागों एवं पी.एस.पी.सी.एल. के अधिकारियों और मशरूम उत्पादकों के साथ बैठक के दौरान स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि मशरूम उत्पादक राज्य की फसली विविधता मुहिम में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फसल की खपत ज्यादा होने के कारण यह पेशा बहुत लाभप्रद भी है। मशरूम उत्पादकों ने मंत्री को बताया कि राज्य में करीब 200 छोटी और बड़ी ईकाइयों में मशरूम का उत्पादन किया जाता है। इसके अलावा कई किसान असंगठित रूप से भी मशरूम की खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि वह मशरूम की खेती करते हैं, इसलिए मशरूम ईकाइयों को कृषि पेशे में शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि गर्मी की ऋतु के दौरान मशरूम का उत्पादन बहुत मुश्किल हो जाता है और बिजली सप्लाई समेत अन्य लागतें भी बढ़ जाती हैं। बागबानी मंत्री ने अधिकारियों को हिदायत की कि मशरूम उत्पादक अपनी ईकाइयों में किसी वस्तु का निर्माण नहीं कर रहे, बल्कि केवल मशरूम की खेती करते हैं। इसलिए इस पेशे को पुनःप्रभाषित करने की जरूरत है। इसी तरह श्रम, फैक्ट्रीज और भार एवं नाप-तोल विभाग को भी स्थिति स्पष्ट की जाए ताकि मशरूम उत्पादकों को कोई दिक्कत पेश न आए। उन्होंने मशरूम उत्पादकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने मशरूम उत्पादकों की समस्याओं के जल्द निपटारे के लिए श्रम, फैक्ट्रीज और भार एवं नाप-तोल विभागों के अधिकारियों की बैठक जल्द बुलाने के आदेश भी दिए। बैठक के दौरान डायरैक्टर उद्योग एवं वाणिज्य श्री पुनीत गोयल, डायरैक्टर बागबानी श्रीमति शैलिन्दर कौर, पी.एस.पी.सी.एल. के डिप्टी चीफ दमनजीत सिंह तूर, बागबानी विकास अधिकारी अमनप्रीत कौर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### कश्मीर सिंह मल्ली ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन का पदभार संभाला



चंडीगढ़/फगवाड़ा। इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के नवनियुक्त चेयरमैन कश्मीर सिंह मल्ली ने आज स्थानीय निकाय मंत्री स. बलकार सिंह, जल आपुर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा और एन.आर.आई मामलों संबंधी मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्रियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा उन्हें सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और लगन से निभाते हुए लोगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा लोगों से किया गया हर वादा पूरा किया जा रहा है, जो राज्य में रोजाना लिए जा रहे ऐतिहासिक फैसलों से जाहिर होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए मील के पत्थर स्थापित करते हुए 117 स्कूल ऑफ ऐमिनैंस का निर्माण किया जा रहा है, जिसके तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अमृतसर में पहले स्कूल ऑफ ऐमिनैंस का उद्घाटन किया गया। पदभार संभालने के बाद कश्मीर सिंह मल्ली ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ शहरवासियों की सुविधा के लिए आवश्यक कार्यों को पूरा कर बुनियादी ढांचे में और अधिक सुधार लाएंगे। कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने नवनियुक्त चेयरमैन को बधाई दी और कहा कि फगवाड़ा शहर के विकास के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा उद्योगों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए एक इंडस्ट्रीयल मीट का आयोजन करवाया गया, जिसके तहत व्यापारियों ने सीधे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से बातचीत की और उद्योगों को और बढ़ावा देने में योगदान देने का आश्वासन दिया। स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में लगभग 40 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाकर रोजगार के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आम आदमी क्लीनिक और स्कूल ऑफ ऐमिनैंस के माध्यम से लोगों और छात्रों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इस अवसर पर पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के चेयरमैन मंगल सिंह, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट कपूरथला के चेयरमैन गुरपाल सिंह इंडियन, जिला योजना कमेटी की चेयरपर्सन ललिता सकलानी, आम आदमी पार्टी के नेता सज्जन सिंह चीमा आदि भी मौजूद रहे।

### योजनाओं का लाभ सम्बन्धित वर्ग के लोगों को समय पर पहुँचाना सुनिश्चित बनाने के निर्देश



चंडीगढ़। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं सम्बन्धी मुख्य दफ्तर के अधिकारियों और समूह जिला कल्याण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को समय पर मुहैया करवाया जाना सुनिश्चित बनाया जाए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री द्वारा अलग-अलग मुद्दों आशीर्वाद स्कीम, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना, होस्टलों सम्बन्धी योजना संबंधी और अम्बेदकर भवनों की इमारतों के रख- रखाव सम्बन्धी विस्तार सहित विचार-विमर्श किया गया। डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहाँ राज्य के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है, वहीं अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए भी लगातार प्रयासशील है। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम फॉर एस.सी. के अधीन साल 2023-24 के दौरान 2.6 लाख विद्यार्थियों का लक्ष्य है, जिसके लिए मिशन 2.6 चलाया जा रहा है। उन्होंने इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए जिला कल्याण अधिकारियों को जागरूकता मुहिम चलाने के आदेश भी दिए। मंत्री ने जिला अधिकारियों को अलग-अलग योजनाओं के प्रस्ताव 15 दिनों के अंदर-अंदर मुख्य दफ्तर को भेजने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विभाग के अधिकारियों से अपील की कि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सही तरह से लागू किया जाए, जिससे आम लोगों को इसका लाभ पहुँच सके। इस मौके पर बैठक में सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के डायरैक्टर-कम-संयुक्त सचिव राज बहादुर सिंह, ज्वाइंट डायरैक्टर सरबजिन्दर सिंह रंधावा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## एस.आई.पी.यू. और एक्साईज एनफोर्समैंट यूनिटों के लिए 24 वाहनों को दी हरी झंडी



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त, योजनाबंदी, आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहाँ कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आबकारी और कराधान विभाग की स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रीवैंटिव यूनिट (एस.आई.पी.यू.) और एक्साईज एनफोर्समैंट यूनिटों को आधुनिक तकनीकों और अपेक्षित बुनियादी ढांचा मुहैया करवाया है, जिससे टैक्स चोरी करने वालों और अवैध शराब के कारोबार के साथ जुड़े लोगों पर शिकंजा कसा जा सके। आज आबकारी और कराधान भवन में विभाग की 24 नयी इन्नोवा कारों को हरी झंडी दिखाते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह वाहन टैक्स चोरी करन वालों और अवैध शराब के कारोबार में शामिल व्यक्तियों को पकडने के लिए की जाने वाली कार्यवाहियों के दौरान एस.आई.पी.यू. और एक्साईज एनफोर्समैंट यूनिटों के फील्ड अफसरों के लिए बड़ी सुविधा साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन टीमों द्वारा बेहतर कारगुजारी का प्रदर्शन किया जा रहा है और इनकी कार्यकुशलता को और बढ़ाने के लिए हर अपेक्षित तकनीक और साजो-सामान मुहैया करवाया जाएगा। इस मौके पर वित्त मंत्री ने चालकों को कारों की चाबियाँ सौंपी और केक भी काटा। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी कारगुजारी को और निखारने के लिए प्रेरित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के स्पष्ट इरादों और आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम की समर्पित भावना के स्वरूप पिछले डेढ़ साल के दौरान शानदार नतीजे सामने आए हैं।

## पशु चिकित्सा पेशे में विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए होगी राज्य स्तरीय वर्कशॉप

चंडीगढ़। पशुओं के स्वास्थ्य देखभाल में पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका को प्रोत्साहित करने और मान्यता देने के उद्देश्य से पंजाब द्वारा मोहाली में " पशु चिकित्सा पेशे में विविधता, भागीदारी और समावेशिता को प्रोत्साहित करने" सम्बन्धी राज्य स्तरीय तकनीकी वर्कशॉप करवाई जाएगी। पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब स्टेट वैटरनरी कौंसिल द्वारा करवाई जा रही इस वर्कशॉप में पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां मुख्य मेहमान के रूप में शिरकत करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्कशॉप के दौरान देश भर के नामवर माहिर अपने कीमती विचार साझा करेंगे, जिससे यह वर्कशॉप वैटरनरी कम्युनिटी के लिए बहुत अहम बन जाती है। उन्होंने आगे बताया कि पशु पालन विभाग के प्रमुख सचिव विकास प्रताप इस वर्कशॉप की अध्यक्षता करेंगे, जबकि वैटरनरी कौंसिल ऑफ इंडिया के प्रधान डॉ. उमेश चंद्र शर्मा विशेष मेहमान होंगे।

## झगड़े सम्बन्धी शिकायत मामले में 4000 रुपए की रिश्वत लेता ए.एस.आई. गिरफ्तार



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी मुहिम के दौरान आज वुमन सैल लुधियाना में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर (ए.एस.आई.) सुखदेव सिंह को 4000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त दोषी पुलिस कर्मचारी को अभिषेख शर्मा निवासी न्यू शिमलापुरी, लुधियाना की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो रेंज लुधियाना से सम्पर्क कर बताया कि वह प्राईवेट नौकरी करता है और उसका अपनी पत्नी से विवाह सम्बन्धी झगड़ा चल रहा है और इसकी शिकायत ए.एस.आई सुखदेव सिंह के पास विचाराधीन है। शिकायतकर्ता ने आगे दोष लगाया कि उक्त ए.एस.आई उससे पहले भी 7000 रुपए किश्तों में ले चुका है और उसके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी देकर उससे 50,000 रुपए और माँग रहा है। उसने आगे बताया कि उसके और उक्त ए.एस.आई. के बीच सौदा तय हुआ है, जिसके अनुसार उक्त ए.एस.आई. 14,000 रुपए रिश्वत के लिए राजी हो गया है, जिसमें से वह 4000 रुपए खुद रखेगा और 10,000 रुपए महिला सैल लुधियाना के इंचार्ज को देगा। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जाँच के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और दोषी पुलिस कर्मचारी को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 4000 रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके पर काबू कर लिया गया।

## स्थानीय निकाय मंत्री ने एस.टी.पी., सी.ई.टी.पी. साईटों का किया दौरा

चंडीगढ़ /लुधियाना। बुड्ढे नाले की सफाई के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की वचनबद्धता को दोहराते हुए स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने सोमवार को शहर के दौरे के दौरान सूबा की सफाई के लिए चल रहे 650 करोड़ रुपए के प्रोजैक्ट का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री ने अपने दौरे के दौरान 225 एम.एल.डी. सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) जमालपुर, सुंदर नगर में इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन और बहादरके टेक्सटाईल इंडस्ट्री के कॉमन ऐफलूऐंट ट्रीटमेंट प्लांट (सी.ई.टी.पी.) का दौरा किया। विधायक दलजीत सिंह भोला गरेवाल, विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी, स्थानीय निकाय विभाग के सचिव अजोए शर्मा, लोकल बॉडीज विभाग के डायरैक्टर ऊमा शंकर गुप्ता, पंजाब जल सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के सी.ई.ओ. मालविन्दर सिंह जग्गी, नगर निगम कमिश्नर सन्दीप ऋषि, अतिरिक्त कमिश्नर परमदीप सिंह और पी.पी.सी.बी. के अधिकारी भी अलग-अलग स्थानों के दौरे के दौरान कैबिनेट मंत्री के साथ उपस्थित थे।

## एशियन गेम्स में पंजाब के 7 खिलाडियों ने एक स्वर्ण और तीन काँस्य पदक जीते

चंडीगढ़। हांगजू में चल रही एशियन गेम्स में आज पंजाब के सात खिलाडियों ने क्रिकेट, रोइंग और शूटिंग में मैडल जीतते हुए एक स्वर्ण और तीन काँस्य पदक जीते। पंजाब के खेल मंत्री मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने पदक विजेता खिलाडियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि पंजाब के लिए गर्व की बात है कि हमारे खिलाड़ी देश का नाम रौशन कर रहे हैं। कल भी रोइंग में पंजाब ने एक रजत और एक काँस्य पदक जीते। आज पंजाब के खिलाडियों ने एक स्वर्ण और तीन काँस्य पदक जीते। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाईनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, अमनजोत कौर और कनिका अहूजा पंजाब से हैं। इसी तरह रोइंग खेल में पुरूषों की क्वाडरप्पल सर्किल्स में भारतीय टीम ने काँस्य पदक जीता, जिसमें दो खिलाड़ी सुखमीत सिंह और सतनाम सिंह पंजाब के मानसा से सम्बन्धित हैं। रोइंग में ही भारत ने कौक्सलैस फोर में भी काँस्य पदक जीता, जिसमें पंजाब का जसविन्दर सिंह भी शामिल था।

## पंजाब पुलिस द्वारा गैंगस्टरों के करीबी साथियों के 264 ठिकानों पर छापेमारी

**पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री की सोच के अनुसार पंजाब को अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध**

दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब को अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए जारी मुहिम के दौरान पंजाब पुलिस ने आज गैंगस्टरों और देश विरोधी तत्वों के साथियों से सम्बन्धित व्यक्तियों के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी मुहिम डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य भर में एक ही समय चलाई गई। राज्य के समूह 28 पुलिस जिलों में चलाए गए इस ऑपरेशन के दौरान अलग-अलग गैंगस्टरों के नजदीकी साथियों से सम्बन्धित 264 रिहायशी और अन्य अलग-अलग ठिकानों की अच्छी तरह से चैकिंग की गई। ए.डी.जी.पी. कानून और व्यवस्था गुरिन्दर सिंह ढिल्लों ने बताया कि सभी सीपीज/एसएसपीज को हिदायत की गई थी कि वह इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए इंस्पेक्टर या सब-इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस टीमें तैनात करें। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों को इस कार्यवाही के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेने के लिए भी कहा गया था। उन्होंने कहा कि 500 पुलिस कर्मियों के सम्मिलन वाली पंजाब पुलिस की 150 से अधिक टीमों ने गैंगस्टरों से सम्बन्धित 264 ठिकानों पर छापेमारी की और 229 व्यक्तियों की तलाशी भी ली। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन की योजना राज्य में गिरफ्तार किये गए अलग-अलग गिरोहों के सदस्यों से पूछताछ के बाद बनाई गई थी। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस टीमों ने इन अपराधियों से सम्बन्धित घरों और अलग-अलग स्थानों की बारीकी से चैकिंग की।

## पंजाब उत्तरी जोनल कौंसिल की 31वीं मीटिंग की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार

अमृतसर/चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार 26 सितम्बर को उत्तरी जोनल कौंसिल (एन.जैड.सी.) की 31वीं मीटिंग की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है और सरकार द्वारा इस सम्बन्धी पुख़्ता प्रबंध किए जा चुके हैं। इस मीटिंग की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ चंडीगढ़ के प्रशासक और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और दिल्ली के उप राज्यपाल के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। मीटिंग के दौरान इन राज्यों से सम्बन्धित अलग-अलग मुद्दों पर विचार-चर्चा की जायेगी। मीटिंग को सुचारू ढंग से पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा पहले ही पुख़्ता प्रबंध किए जा चुके हैं। इस मीटिंग के प्रबंधों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पहले ही सीनियर अधिकारियों के साथ कई बैठकें की जा चुकी हैं।

# पंजाब ने एक और मील पत्थर किया स्थापित: 25 प्रतिशत गांव बने ओ.डी.एफ. प्लस: जिम्पा



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के योग्य नेतृत्व अधीन पंजाब ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत मील पत्थर स्थापित करते हुए राज्य के 25 प्रतिशत से अधिक गाँवों के लिए ओ.डी.एफ. प्लस गाँव का दर्जा हासिल किया है। बताने योग्य है कि ओ.डी.एफ. प्लस गाँव ऐसे गाँव है जिन्होंने ठोस या तरल अवशेष प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ खुले में शौच मुक्त स्थिति को बरकरार रखा है। जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने बताया कि अब तक राज्य के 3028 गाँवों को ओ.डी.एफ प्लस घोषित किया गया है, जो 2024-25 तक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे पड़ाव के लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर अहम कदम है। उन्होंने कहा कि ओ.डी.एफ. प्लस गाँवों की प्रतिशतता के सम्बन्ध में उच्च कारगुजारी वाले जिलों में मानसा ( 60.85 फीसदी), बरनाला ( 56.56 फीसदी), बठिंडा ( 42.39 फीसदी), गुरदासपुर ( 36.64 फीसदी), मालेरकोटला ( 31.67 फीसदी) और एस.ए.एस. नगर ( 32.14 फीसदी) शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन जिलों ने ओ.डी.एफ. प्लस का दर्जा प्राप्त करने में बेमिसाल प्रगति दिखाते हुए इस मील पत्थर को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई है। राज्य के 3028 ओ.डी.एफ. प्लस गाँवों में से 71 मॉडल गाँव भी हैं। बताने योग्य है कि ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल गाँव ऐसे गाँव हैं जिन्होंने अपनी ओ.डी.एफ. स्थिति को बरकरार रखा है और जिनमें ठोस अवशेष प्रबंधन और तरल अवशेष प्रबंधन की उपयुक्त व्यवस्था के साथ-साथ कम से कम कूड़ा, कम से कम खड़ा गंदा पानी और सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक का कूड़ा-कर्कट न होना शामिल है। इसके साथ ही ऐसे गाँवों में ओ.डी.एफ. प्लस सम्बन्धी जानकारी, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) संबंधी मेसेज दर्शाए जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि 25 प्रतिशत गाँवों के लिए ओ.डी.एफ. प्लस का दर्जा हासिल करना पंजाब के लिए बहुत अहम है, क्योंकि राज्य ने पखानों के केवल निर्माण और प्रयोग से आगे मुकम्मल सफाई की ओर कदम बढ़ाए हैं, जिससे ओ.डी.एफ. से ओ.डी.एफ. प्लस का दर्जा हासिल किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे पड़ाव में खुले में शौच मुक्त स्थिति (ओ.डी.एफ-एस) को बरकरार रखना, ठोस अवशेष प्रबंधन, प्लास्टिक अवशेष प्रबंधन, तरल अवशेष, मल कीचड़ प्रबंधन, गोबर धन, सूचना शिक्षा और संचार/व्यवहार परिवर्तन शामिल है। जिम्पा ने बताया कि यह मील पत्थर जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के साथ-साथ ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग की जिला और प्रांतीय टीमों की सख़्त मेहनत, समर्पण और वचनबद्धता को दिखाता है। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब हम एकजुट होकर काम करते हैं तो हम किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

**अभियान**

जागरूकता अभियान, विरासती अपशिष्ट सफाई और एक साइकिल रैली के नेतृत्व में रूपनगर जिले में स्वच्छता अभियान का आयोजन

# स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए रूपनगर का उदय: एसएचएस-2023 पहल का सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है









**धान के भूसे पर आधारित बायोगैस संयंत्रों के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की गई**

दर्पण न्यूज सर्विस

रूपनगर। समुदाय-संचालित प्रयासों और पर्यावरण चेतना के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, जिला रूपनगर ने स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस)-2023 अभियान के हिस्से के रूप में स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उपायुक्त और वायु प्रदूषण विशेषज्ञों के नेतृत्व में, प्रभावशाली पहलों की एक श्रृंखला ने प्रदूषण से निपटने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जिले की प्रतिबद्धता पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

### पराली जलाने पर जागरूकता अभियान

एसएचएस-2023 के शुरूआती चरण में, जिले ने रूपनगर में एक अभूतपूर्व स्टबल बर्निंग अवेयरनेस कैंप का आयोजन देखा। इस सफलता के आधार पर, किसानों को पराली जलाने के गंभीर परिणामों के बारे में बताने के लिए जिले भर में विभिन्न शिविर और बैठकें आयोजित की गईं। इसके अलावा, उनके साथ धान के भूसे पर आधारित बायोगैस संयंत्रों के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की गई। लगभग 1,386 ग्राम पंचायत सदस्यों, आईईसी विशेषज्ञों, सामुदायिक विकास विशेषज्ञों और ब्लॉक संसाधन समन्वयकों की एक प्रभावशाली सभा ने इन ज्ञानवर्धक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### विरासती अपशिष्ट स्थल की सफाई

एक प्राचीन वातावरण सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के सफाई कर्मचारियों, उप मंडल इंजीनियरों और कनिष्ठ इंजीनियरों ने विरासती अपशिष्ट स्थलों को साफ करने का नेक काम किया। 85 स्वच्छता कार्यकताओं, समर्पित युवा स्वयंसेवकों, डीडब्ल्यूएसएस अधिकारियों, आईईसी विशेषज्ञों, सामुदायिक विकास विशेषज्ञों और ब्लॉक संसाधन समन्वयकों के सामूहिक प्रयास के माध्यम से, खुले क्षेत्रों की नुहार को बदल दिया गया, जिससे इन स्थानों को एक नया जीवन मिला।

### स्वच्छता के लिए साइकिल रैली

जिला रूपनगर के युवा और नागरिक स्वच्छता के मुद्दे को उठाने के लिए आयोजित एक उत्साही साइकिल रैली में एकजुट हुए। नेहरू युवा केंद्र की स्वयंसेवी टीमों ने लगभग 2,312 नागरिकों को जागरूक करने के लिए 10 किलोमीटर के प्रभावशाली दायरे को कवर करते हुए इस अभियान का नेतृत्व किया। रैली ने प्रतिभागियों को अपशिष्ट पृथक्करण, एकल-उपयोग प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों और स्वच्छता के सर्वोपरि महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य किया। यह आयोजन आईईसी विशेषज्ञों, सामुदायिक विकास विशेषज्ञों और ब्लॉक संसाधन समन्वयकों के सहयोग से संभव हुआ।

इन पहलों की शानदार सफलता जिला रूपनगर की टिकाऊ और स्वच्छ भविष्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जिला हर जगह समुदायों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित कर रहा है, क्योंकि यह एक समय में एक कदम उठाकर दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास करता है।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का

न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# आशा वर्कर की हड़ताल ने किया 50वे दिन में प्रवेश दी गिरफ्तारियां, कई प्रदर्शनकारियों की तबीयत बिगड़ी

## तेजली स्टेडियम में बनाई अस्थाई जेल, गर्मी और भूख से कई प्रदर्शनकारियों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल भेजा

दर्पण न्यूज सर्विस

यमुनानगर। अपनी मांगों को लेकर आशावर्कर पिछले 50 दिन से हड़ताल पर हैं.इन 50 दिन के भीतर प्रदर्शनकारी आशावर्कर ने कई तरह के प्रदर्शन किए लेकिन अभी तक सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। बताया जाता है कि आशावर्कर 26 हजार रुपए महीना वेतन की मांग को लेकर पिछले 50 दिन से संघर्ष कर रही हैं लेकिन सरकार ने आशावर्कर की अभी तक कोई सुध नहीं ली है..कई दौर की वार्ता भी आशा वर्करों के साथ हो चुकी है लेकिन सरकार के साथ अपनी मांगों को लेकर होने वाली बैठके विफल हुई है। आज इसी कड़ी में जंहा हरियाणा मुख्यमंत्री जिले में साइक्लोथों के चले जिला में पहुंचे तो आशा वर्कर ने मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचानी चाही लेकिन प्रशासन ने उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने नही दिया जिससे आक्रोशित होकर सभी आशावर्कर ने सरकार विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसको लेकर सभी प्रदर्शनकारी आशा वर्कर ने गिरफ्तारियां दी। जिनको लेकर पुलिस प्रशासन यमुनानगर की तरफ से तेजली खेल स्टेडियम में बनाई गई अस्थाई जेल में बसों में भरकर आशा वर्कर को ले जाया गया। इस दौरान सेंकडो की संख्या में आशावर्कर का जोश दिखाई दिया ।उन्होने मनोहर लाल खट्टर और अनिल विज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, इस दौरान गर्मी और भूख से कई प्रदर्शनकारी आशावर्कर की तबीयत भी बिगड़ गई जिन्हे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया..उन्होने सरकार के लचीले रवैया की घोर निंदा की..आशावर्कर निर्मला ने कहा कि हमने सामूहिक गिरफ्तारियां दी हैं। क्योंकि सरकार हमारी मांगें नहीं मान रही है। यह प्रदर्शन धरना तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार अपना अड़ियल रवैया नही छोड़ देती ओर हमारी मांगो को नही मान लेती।

इस दौरान आशा वर्कर को समर्थन देने के लिए कई संगठन आगे आए हैं..वो लगातार धरना प्रदर्शन में उनका सहयोग कर रहे हैं उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं..अखिल भारतीय किसान सभा ने भी आशा वर्कर के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया और मनोहर लाल सरकार पर जमकर बरसे। आशावर्कर की प्रमुख मांग वेतन बढ़ोतरी की है जिस पर सरकार गौर नहीं कर रही है..उन्होने कहा कि 29 सितंबर को सरकार से हमारा प्रतिनिधिमंडल मिलने जाएगा. हांलाकि उन्हे उम्मीद जरूर है लेकिन बडी बात ये है कि क्या उनके वेतन में इतनी बढ़ोतरी की जाएगी जिससे वो अपनी हड़ताल खत्म कर देंगी फिलहाल 29 सितंबर को देखना होगा। की क्या सरकार इनकी मांगो को मान कर हड़ताल समाप्त करवाएगी। आशा वर्करों का कहना है कि आने वाले विधानसभा चुनावों से बेखबर मुख्यमंत्री को अपना अड़ियल रवैया छोड़ना पड़ेग।



# घरौंडा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद भाजपा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ

प्रवीण कौशिक

घरौंडा। कल आयोजित हुए घरौंडा विधानसभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद भाजपा कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। त्रिपुरा के पूर्व मुखयमंत्री व प्रदेश प्रभारी विप्लेब कुमार देव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने जो आगामी चुनाव के मुलमंत्र दिए व विधायक कल्याण को पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता के रुप में उनकी तारीफ के रूप में आशीर्वाद देना कहीं न कहीं विधायक हरविंदर कल्याण को भी मजबूती प्रदान कर गया है।सफल कार्यक्रम के बाद सोमवार को भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता कल्याण फार्म हाउस पर पहुंचे ओर विधायक कल्याण को बधाई दी। वहीं विधायक ने भी सभी कार्यकताओं का कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम को सफल करने में अपनी भूमिका अदा करने पर उनका आभार व्यक्त किया।गौरतलब है कि रविवार को गांव बसताड़ा में विधायक हरविंदर कल्याण के नेतृत्व में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मलेन का आयोजन किया गया था जिसमें राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश प्रभारी विप्लेब कुमार देव, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व सांसद संजय भाटिया सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने शिरकत की थी। सम्मलेन में जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का खुलकर गुणगान हुआ ओर उनकी नीतियों व पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया वहीं प्रदेश की मनोहर सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई।साथ ही घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सहराना करते हुए विधायक हरविंदर कल्याण को भी मेहनती विधायक बताते हुए उनकी पीठ थपथपाई गई जिसके बाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की मजबूती और बढ़ने के कयास लगाए जा रहे है। भाजपा के इस भव्य कार्यक्रम को आगामी चुनावों से जोड़ कर भी देखा जा रहा है जिससे भाजपा कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ा है। विधायक कल्याण के फार्म हाउस पर पहुंचे कार्यकर्त्ताओ का कहना है कि जिस प्रकार से प्रदेश में हर विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन व मुखयमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम सफल हो रहे है उससे साफ जाहिर है कि विरोधी बोखला रहे है। जिससे साफ जाहिर है कि 2024 में होने वाले महायुद्ध में भाजपा पूर्ण रुप से फिर से सरकार बनाएगी। विधायक हरविंदर कल्याण ने सभी कार्यकर्त्ताओ का आभार जताते हुए कहा कि सफल कार्यक्रम का श्रेय कार्यकर्त्ताओ को ही जाता है।



# ढोल नगाड़ों के साथ देशभक्ति गीत गाकर नगर निगम हर घर से एकत्रित करेगा मिट्टीः आयुष सिन्हा

दर्पण न्यूज सर्विस

यमुनानगर। मेरी माटी मेरा देश अभियान के द्वितीय चरण के तहत नगर निगम प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से मिट्टी एकत्रित करेगा। इसको लेकर नगर निगम द्वारा 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। ढोल नगाड़ों के साथ देश भक्ति गीत गाकर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड के हर घर से मिट्टी ली जाएगी। यदि पक्का घर होने के कारण मिट्टी उपलब्ध नहीं है तो उस घर से चावल के दाने एकत्रित किए जाएंगे। सभी वार्डों से मिट्टी एकत्रित कर दिल्ली शहीद स्मारक पर भेजी जाएगी।

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश के अमर शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया है।इस अभियान के द्वितीय चरण के तहत नगर निगम के सभी 22 वार्डों के प्रत्येक घर से मिट्टी एकत्रित की जानी है। इसको लेकर नगर निगम कर्मियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।जोन एक के इंचार्ज सीएसआई हरजीत सिंह व नोडल अधिकारी उप निगम आयुक्त विजय पाल यादव को बनाया गया है। इसी तरह जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त इंचार्ज व उप निगम आयुक्त अशोक कुमार को नोडल अधिकारी बनाया है।जिनकी देखरेख में यह कार्य प्रत्येक वार्ड में अभियान के तौर पर किया जाएगा। जिसमें वार्ड के पार्षद के साथ मिलकर ढोल नगाड़ा बजाकर देश भक्ति गीत गाते हुए प्रत्येक घर से मिट्टी ली जाएगी और पांच प्रण की शपथ भी करवाई जाएगी। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।इस दौरान हर वार्ड में एक-एक मटकी में मिट्टी एकत्रित की जाएगी। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत दो अक्टूबर को नगर निगम द्वारा समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी वार्डों की 22 मटकिया प्रदर्शित की जाएगी।इन 22 मटकियों की माटी को एक बड़ी मटकी में एक बड़ी मटकी में एकत्रित कर दिल्ली राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भेजा जाएगा।




# धान की सरकारी खरीद को लेकर आढ़तियों, किसानों व राइस सेलर वालों में खुशी की लहर

सुशील कुमार

लाडवा। प्रदेश भर के किसानों, आढ़तियों व राइस सेलर वालों आदि की जोरदार मांग पर हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध करने पर आज सोमवार 25 सितंबर से ही पूरे प्रदेश भर में किसानों के सोना धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। जबकि सरकारी खरीद की तारीख पहली अक्टूबर रखी गई थी। जिसका शुभारंभ लाडवा में भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी ने करवाया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी ने पीएम नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ व कृषि मंत्री जेपी दलाल का हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों की खून पसीने की कमाई धान की भारी आवक को देखते हुए केंद्र सरकार से धान के 25 सितंबर से सरकारी खरीद करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा जब कि धान की सरकारी खरीद की तारीख पहली अक्टूबर रखी गई थी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि वह आपसी तालमेल बनाकर धान खरीद कार्य को करें।जिससे किसानों की धान भी बिक जाए, मंडी में जाम की स्थिति भी न बने और धान की खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग भी होती रहे। वहीं अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान बिमलेश गर्ग ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने पहली अक्टूबर की बजाय 25 सितंबर से परमल धान की सरकारी खरीद शुरू करके एक बहुत सराहनीय कार्य किया है।उन्होंने इस खरीद को शुरू करवाने का सारा श्रेय प्रदेश महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी को दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे अन्नदाताओं की 6 महीने की मेहनत है, जो समय से खरीद शुरू हो गई है।उन्होंने इस अवसर पर लड्डू बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार ने लगभग 6 दिन पहले परमल धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। इस अवसर पर अनाज मंडी की दोनों यूनियनों के प्रधान, पदाधिकारी, किसान व अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।



# धान की सरकारी खरीद का कार्य हुआ शुरू



जसवंत सिंह

रादौर। अनाजमंडी रादौर में सोमवार को धान की सरकारी खरीद का कार्य शुरू किया गया।धान की खरीद के पहले दिन खरीद एजेंसी वेयर हाउस की ओर से लगभग 1200 क्विंटल धान की खरीद की गई। एजेंसी के मैनेजर संदीप कुमार की देखरेख में धान की खरीद का कार्य शुरू हुआ। मंडी के प्रधान संजय गुप्ता व अन्य आढ़ती मौके पर मौजूद रहे। मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि सरकार के मापदंड के अनुसार धान की खरीद का कार्य किया जा रहा है।मंडी में 17 प्रतिशत तक नमी वाली धान को खरीदा जा रहा है। वहीं खरीदी गई धान की फसल का भुगतान 72 घंटे तक कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंडी में वेयर हाउस की ओर से सोमवार, मंगलवार व शनिवार को धान की सरकारी खरीद की जायेगी। जबकि हैफेड की ओर से बुधवार, वीरवार व शुक्रवार को धान की खरीद की जायेगी। जरूरत पड़ने पर रविवार को भी धान की खरीद की जायेगी। धान के उठान के लिए ठेकेदार को टेंडर दिया गया है।

# एसडीएम ने कृषि सुपरवाइजरों के साथ मीटिंग कर फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए



दर्पण न्यूज सर्विस

घरौंडा। धान के सीजन में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर एसडीएम घरौंडा ने कृषि सुपरवाइजरों की एक मीटिंग एसडीएम कार्यालय मे की । जिसमें फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।सोमवार को एसडीएम घरौंडा अदिति ने एसडीएम कार्यालय में कृषि अधिकारी व सुपरवाइजरों की एक मीटिंग कर दिशा निर्देश दिए की खेतों में धान की कटाई शुरू हो चुकी है ऐसे में किसानों को अब धान के अवशेषों को जलाने से रोकना है। जिसके लिए उन्होंने कहा कि धान के अवशेषों को जलाने से रोकने के लिए गांव स्तर पर कृषि अधिकारी, पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच और नंबरदारों को साथ तालमेल बनाकर धान की फसल अवशेषों में किसानों द्वारा लगाई जाने वाली आग को रोकना सुनिश्चित करें। एसडीएम आदिती ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन जैसे की प्राली की गांठे बनवाने और धान अवशेषों को मिट्टी में सुपर सीटर द्वारा मिलाकर आगामी फसल की बिजाई सुनिश्चित करवाना जिसके लिए सरकार द्वारा किसानों को 1000 प्रति एकड़ अनुदान राशि दी जाती है इसके लिए भी गांव-गांव में जाकर किसानों को प्रेरित करें।

# स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बच्चों को डीपीटी टेटनस के इंजेक्शन लगाएं

सुनीता देवी

कुरुक्षेत्र। आज गांव समसीपुर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को डीपीटी टेटनस के इंजेक्शन लगाए गए व सभी बच्चों का हिमोग्लोबिन चेक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वास्थ्य कर्मी भूपेंद्र सिंह चहल, निर्मल एएनएम, मंजू एएनएम, सिमरन सी एच ओ, स्कूल के अध्यापक गेजपाल, अशोक कुमार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह चहल ने ग्राम वासियों को कहा कि जागरूकता के साथ साथ सभी अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें और पानी को न खड़ा होने दे। घरों में यदि कूलर का प्रयोग करते हैं तो हर सप्ताह ड्राई डे मनाते हुए कूलर का पानी निकाल कर उसे अच्छी तरह से सुखाएं ।खड़े पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं । ऐसे स्थान पर डेंगू मार दवाई का छिड़काव करवाएं । उन्होंने कहा कि जागरूकता और सावधानी से ही डेंगू और मलेरिया से परिवार के सभी सदस्यों को बचाया जा सकता है ।चहल ने कहा कि साफ सफाई में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरतें । उन्होंने स्कूली छात्रों को भी मलेरिया और डेंगू के बारे में गहनता से जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने स्कूल के सभी बच्चों को एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी बच्चों को मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए साफ सफाई रखने के लिए बताया । डेंगू मुफ्त कार्यक्रम में सभी स्कूली छात्रों एवं ग्राम वासियों ने भाग लिया।



# 2024 में विधायक बनाया तो लाडवा विधानसभा हरियाणा के मानचित्र पर अलग ही नजर आएगाः संदीप गर्ग



दर्पण न्यूज सर्विस

लाडवा। लाडवा-बाबैन रोड़ पर सोमवार को नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शहर के लोगों व ग्रामीणों से मुलाकात और विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।शहरवासी रमेश चालिया, इमना कटारिया, घनश्याम काम्बोज, जितेन्द्र, राजिन्द्र बोडला, दीपक डूडा, सुरेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र, शेर सिंह, पंकज कुमार ने कहा कि जिस प्रकार से समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से भी अधिक हो गए हैं वह हल्के की जनता के बीच में है और हल्के की जनता के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अब ग्रामीणों व शहरवासियों ने मन बनाया है कि अब आने वाले विधानसभा चुनावों में उनका साथ देंगे और उन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। वहीं नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनावों में उन्हें लाडवा विधानसभा से विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम किया तो 90 विधानसभाओं में लाडवा विधानसभा हरियाणा के मानचित्र पर अलग ही नजर आएगी। क्योंकि लाडवा हल्के में इतने कार्य करवाए जाएंगे, जो आज से पहले अभी तक नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता उनका परिवार है।दिन-प्रतिदिन लोगों के मिल रहे समर्थन से वह और अधिक ऊर्जा व ईमानदारी के साथ लाडवा हल्के की जनता के लिए कार्य करेंगे।

# तीर्थ पूजा व दीप प्रज्वलित कर वामन द्वादशी मेला वामन पुराण कथा का शुभारंभ

दर्पण न्यूज सर्विस

कुरुक्षेत्र।वेद मंत्रों के उच्चारण और शंख ध्वनि के बीच सोमवार को थानेसर के एसडीएम सुरेंद्र पाल, भाजपा जनता मोर्चा के जिला प्रधान रूबल शर्मा तथा स्थाणेश्वर मंदिर के व्यवस्थापक महंत रोशन पुरी ने सन्निहित तीर्थ की पूजा कर दो दिवसीय वामन द्वादशी मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शंख ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुंदर तिवारी तथा के नेतृत्व में सभा के सदस्यों ने अतिथियों का फूल माला भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य शुकदेव ने व्यास पीठ से वामन पुराण की कथा का शुभारंभ तीनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया।वामन द्वादशी मेले के शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यातिथि एसडीएम सुरेंद्र पाल ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति का अंग हैं। सनातन परंपराएं मेलों से जुड़ी हुई हैं। ऐसे मेलों के आयोजन से युवा पीढ़ी में धार्मिक भावना उत्पन्न होती है और अपनी सनातन परंपराओं का ज्ञान होता है।उन्होंने कहा कि सभा ने 2 वर्ष पूर्व इस मेले का पुनर्जागरण करके बड़ा सराहनीय कार्य किया था। सुरेंद्र पाल ने कहा कि सभा सनातन परंपरा को संजोकर रखने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रधान रूबल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह सौभाग्य मिला है कि वे वामन द्वादशी मेले का तीर्थ पूजन करके शुभारंभ कर रहे हैं।इसके लिए सभा के सदस्यों के हृदय से आभारी हैं। रूबल शर्मा ने कहा कि सरकार सनातन परंपराओं को संजोए रखने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है।वामन द्वादशी के मेले के आयोजन से युवा पीढ़ी को सनातन परंपराओं का ज्ञान मिलता है। कथा के मुख्य यजमान महंत रोशन पुरी ने वामन भगवान का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना ही धर्म है। विष्णु भगवान ने राजा बलि का अहंकार तोडने के लिए वामन के रूप में अवतार लिया था।कुरुक्षेत्र का वामन पुराण से गहरा संबंध है।विष्णु का वामन अवतार कुरुक्षेत्र की भूमि में ही हुआ था, वह अदिति के पुत्र थे। उन्होंने कहा कि श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा ने इस मेले का पुनर्जागरण करके श्रेष्ठ कार्य किया है वे इस कार्य में सभा को हर किस्म का सहयोग देते रहेंगे।व्यास पीठ से वामन पुराण की कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य शुकदेव ने कहा कि वामन अवतार सतयुग के प्रारंभ में हुआ।विष्णु भगवान के दिव्य रूप की व्याख्या ही वामन पुराण है।उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र मे ही यह अवतार हुआ था।सबसे पहले पोल्त्सय ऋषि ने नारद जी को वामन पुराण की कथा सुनाई। वामन पुराण में शैव शक्ति की कथाएं भी हैं।इसमें वामन भगवान का विस्तृत वर्णन है। उन्होंने कहा कि राजा बलि का अहंकार तोडने के लिए विष्णु भगवान ने वामन के रूप में अवतार लिया। राजा बलि ने महाभारत कालीन 48 कोस की कुरुक्षेत्र भूमि में ही अपना यज्ञ करवाया था। कुरुक्षेत्र की महिमा का वर्णन करते हुए व्यास पीठ से आचार्य शुकदेव ने कहा कि कुरुक्षेत्र में देवताओं का वास है यहां जो जन्म लेता है वह देवलोक से आया होता है।यहां के मानव, पशु, पक्षी सभी देवता हैं।यहां जो ब्राह्मण जन्म लेता है वह ब्रह्मा से कम नहीं है।



### आज निकलेगी वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा

मंगलवार को श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा नगर की प्रमुख धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा दोपहर 2 बजे दुख भंजन मंदिर से शुरू होगी।गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, श्री जयराम संस्थाओं के अध्यक्ष ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरुप तथा स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के महंत बंसीपुरी के सानिध्य में पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा मुख्यातिथि के रुप में शामिल होकर शोभायात्रा को रवाना करेंगें। शोभायात्रा नगर के प्रमुख बाजारों से होती हुई सायं साढे 5 बजे सन्निहित सरोवर पर पहुंचेगी जहां जवान भगवान का नौका विहार करवा जाएगा। इसके बाद तीर्थ आरती होगी जिसमे उपायुक्त शांतनु शर्मा मुख्यातिथि होंगे। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा।

# पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने युवक को चाकू मार कर किया घायल

घरौंडा। पुरानी रंजीश के चलते आधा दर्जन युवकों ने एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया मामला रेलवे रोड स्थित नगर खेड़ा के पास का है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है। शहर के वार्ड नंबर 4 निवासी कपिल राणा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है कि रविवार को वह नगर खेड़ा पर माथा टेकने के लिए गया हुआ था और जैसे ही वह नगर खेड़े पर माथा टेक कर वापस आ रहा था तो बाहर पहले से ही ताक में खड़े कार्तिक समीर वासु अजय चोपड़ा आदित्य व एक अन्य युवकों ने मेरे ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया । और चाकू मार कर घायल कर दिया। जिसे मैं बुरी तरह से घायल हो गया। झगड़ा होते देख मौके पर काफी मात्रा में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। और मौका पाकर हमलावर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। कपिल ने बताया कि इन युवकों ने पहले भी उसे जान से मारने की कोशिश की है। पुलिस ने कपिल राणा की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।

# आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे परिवार जोड़ो अभियान के तहत विभिन्न गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया



रादौर। आम आदमी पार्टी की ओर से चलाए जा रहे परिवार जोड़ो अभियान के तहत गांव रादौर, लालछप्पर व माधुबांस में वरिष्ठ आप नेता शिवकुमार शास्त्री के नेतृत्व में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी कार्यकताओं का जोरदार स्वागत किया। आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया।इस अवसर पर शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि आम आदमी पार्टी की ओर से परिवार जोड़ो अभियान चलाया गया है।आम आदमी पार्टी ने जनता के किए गए हर वायदे को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली व पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य व बिजली पर विशेष ध्यान दिया है।जिस कारण आम आदमी को शोषण से राहत मिली है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने सत्ता के नशे में आम जनता को दरकिनार कर दिया है।जनता की वोट के बदले धोखा देने का काम किया है।प्रदेश में कानून व्यवस्था को तोडने का काम पार्टी के नेताओं ने किया है।इस अवसर पर शिव कुमार शास्त्री, रूपेश पलाका, मास्टर राजपाल, ओमपाल गुज्जर, सर्कल इंचार्ज सतपाल काँजनु, विपिन कम्बोज आदि मौजूद रहे।

संपादकीय

## राजनीतिकरण



चीन द्वारा भू-राजनीतिक फायदों के लिए खेल आयोजनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अरुणाचल के एथलीटों को प्रवेश देने से चीन का इनकार द्विपक्षीय संबंधों में अविश्वास को दशार्ता है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा एशियाई खेलों का हांगझोऊ में 23 सितंबर शुभारंभ किए जाने के बाद एक शानदार उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह की भव्यता वैसी ही थी जैसी अब चीन से उम्मीद की जाती है। एशियाई खेलों का मकसद एशियाई एकजुटता के व्यापक संदेश को प्रदर्शित करना है। हालांकि, एशियाई खेलों के 19वें संस्करण के उद्घाटन समारोह से पहले जो हुआ, वह एकजुटता तो कतई नहीं थी। उद्घाटन से ठीक पहले वाले दिन, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने चीन की अपनी यात्रा रद्द कर दी। अरुणाचल प्रदेश के तीन भारतीय वुशु खिलाड़ियों को अंतिम क्षणों में प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया जिसके विरोधस्वरूप ठाकुर ने यह कदम उठाया। तीनों एथलीटों झ्र नाइमन वांग्सु, ओनिलु तेगा और मेपुंग लम्गु झ्र को एशियाई खेलों के लिए बाकी भारतीय दल के साथ यात्रा करने के संबंध में जरूरी मान्यता (एक्रेडिटेशन) दी गयी थी। हालांकि, चीन द्वारा एयरलाइन को दिए गए निदेर्शों से जैसा प्रतीत होता है, इन एथलीटों को बताया गया कि वे विमान में सवार नहीं हो सकते। अतीत में, चीन ने अरुणाचल प्रदेश के भारतीयों को स्टेपल वीजा जारी किया है। बीती जुलाई की ही बात है, अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ियों को, चेंग्दु में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेने के लिए, स्टेपल वीजा जारी किया गया था। इस मामले में, एथलीटों को रोकने का मामला स्पष्ट रूप से द्वेषभावना से प्रेरित लगता है, क्योंकि जिन एथलीटों को डिजिटल एक्रेडिटेशन जारी किया गया था उन्हें वीजा की जरूरत नहीं थी। भारतीय अधिकारियों का मानना है कि बीजिंग ने उन एथलीटों को यात्रा से रोकने के लिए काफी तीन-तिकड़म की और एयरलाइन को उन्हें विमान में सवार होने की इजाजत नहीं देने का निर्देश दिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इस कार्रवाई को ह्यलक्षित और पूर्व-नियोजितह्ल बताया।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीजिंग द्वारा भू-राजनीतिक बढ़त के लिए खेल आयोजनों, जिनमें राजनीति की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, का इस्तेमाल करने का यह पहला मामला नहीं है। बीते साल फरवरी में, बीजिंग ने नासमझी भरे तरीके से, विंटर ओलंपिक के लिए मशालवाहकों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के उस कमांडर को भी शामिल किया जिसकी संलिप्तता गलवान घाटी संघर्ष में थी। ऐसे आयोजनों के उत्सुक मेजबान और मजबूत आर्थिक सहयोगी के रूप में चीन की हैसियत को देखते हुए, आयोजनकताओं को, उस वक्त भी और अब भी, आंखें मूंदे रहना बेहतर लगा है। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, जो हांगझोऊ में राष्ट्रपति शी से मिले, ने पत्रकारों से बातचीत में एथलीटों का प्रवेश रोके जाने की निंदा नहीं की। इसके बजाय उन्होंने बस इतना कहा कि इस मामले पर चर्चा की जा रही है। एशियाई खेलों से इतर, चीन की ताजा कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा अविश्वास, साथ ही वीजा समेत लंबे समय से चले आ रहे जटिल मसलों से निपटने के लिए संवाद के समुचित जरियों के अभाव की याद दिलाती है। नयी दिल्ली ने यह स्पष्ट करके सही किया है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी किये बिना और सीमाई इलाकों में शांति बहाल किये बिना, रिश्तों को सामान्य बना पाना संभव नहीं होगा। जब तक बीजिंग सीमा को लेकर अपने रुख पर पुनर्विचार नहीं करता, तब तक मौजूदा हालात, जो न भारत के हित में हैं न चीन के, संभवतः ऐसे ही बने रहेंगे।

## आज का राशिफल



**मेषः** आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी, जिसके चलते आप सफलता की ओर तेजी-से बढ़ेंगे। ऐसी हर चीज से परहेज करें, जिससे आपकी शक्ति नष्ट न हो। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है।

**वृषभः** आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। होशियारी से निवेश करें। जितना आपने सोचा था, आपका भाई उससे ज्यादा मददगार साबित होगा। आज प्रेम-संबंधों में अपने स्वतन्त्र विवेक का इस्तेमाल कीजिए।

**मिथुनः** बहुत-कुछ आपके कंधों पर टिका हुआ है और फैसले लेने के लिए स्पष्ट सोच जरूरी है। जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है। जितना आपने सोचा था, आपका भाई उससे ज्यादा मददगार साबित होगा।

**कर्कः** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के जरिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली-भांति जाँच-पड़ताल कर लें।

**सिंहः** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी खराबियों से बचाएगा। अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है।

**कन्याः** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं।

**तुलाः** तरोताजा होने के लिए अच्छी तरह से आराम करें। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। आज हर कोई आपसे दोस्ती करना चाहता है और आप उनकी ये इच्छा पूरी करने में खुशी महसूस करेंगे।

**वृश्चिकः** दोस्तों का रुख सहयोगी रहेगा और वे आपको खुश रखेंगे। अगर सफर कर रहे हैं तो अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें अगर आप ऐसा नहीं करते तो सामान के चोरी होने की संभावना है। उन लोगों के साथ कुछ समय बिताएँ, जो आपको चाहते हैं और आपका खयाल रखते हैं।

**धनुः** आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इजाफा होगा।

**मकरः** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की जरूरत है।

**कुंभः** आज के दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखरी रहेगी और अजनबी भी जाने-पहचाने से महसूस होंगे। आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। आपका रुमानी संबंध आज थोड़ी परेशानी में पड़ सकता है।

**मीनः** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है।

# वामन जयंती आज, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्व



**आज वामन द्वादशी है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को भगवान वामन देव का अवतार हुआ था। इसलिए इस दिन को वामन जयंती के रूप में मानाया जाता है। वामन देव भगवान विष्णु के अवतार थे, इसलिए इस तिथि पर भगवान विष्णु के वामन स्वरूप की पूजा की जाती है। वामन देव भगवान विष्णु के पांचवे अवतार माने जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की आराधना करने से साधक को बल, बुद्धि, विद्या और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।**

### वामन जयंती 2023 मुहूर्त

इस दिन श्रवण नक्षत्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी नक्षत्र में वामन अवतार ने जन्म लिया था। श्रवण नक्षत्र 25 सितंबर को सुबह 11 बजकर 55 मिनट से 26 सितंबर को सुबह 09 बजकर 42 मिनट है। 26 सितंबर को पूजा का मुहूर्त सुबह 09 बजकर 12 मिनट से दोपहर 01 बजकर 43 मिनट है।

### वामन जयंती 2023 तिथि

इस साल वामन जयंती 26 सितंबर 2023 को है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि की शुरूआत 26 सितंबर को सुबह 05 बजे से हो रही है। इसका समापन अगले दिन 27 सितंबर 2023 को प्रातः 01 बजकर 45 मिनट पर होगा।

### वामन जयंती पूजा विधि

- वामन जयंती के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान-ध्यान करके एक चौकी पर भगवान वामन देव की मूर्ति स्थापित करें।
- अगर वामन अवतार का चित्र न हो तो भगवान विष्णु के तस्वीर को स्थापित कर सकते हैं।
- इसके बाद वामन देव की विधि पूर्वक पूजा करें और व्रत का संकल्प लें।
- भगवान को रोली, मौली, पीले फूल, नैवेद्य अर्पित करें।
- इस दिन वामन देव को दही और मिश्री का भोग अवश्य लगाएं। दही में थोड़ा केसर जरूर मिला लें।
- फिर शाम के समय वामन जयंती व्रत कथा का पाठ करें, अंत में वामन देव की आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

### इसलिए भगवान विष्णु ने लिया वामन अवतार

कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने इंद्र देव को स्वर्ग का राज पाठ वापस लौटाने के लिए और प्रहलाद के पौत्र दैत्यराज बलि के घमंड को तोड़ने के लिए वामन अवतार लिया था। वामन अवतार मनुष्य के रूप श्री हरि का पहला अवतार है। भगवान विष्णु ने पहले चार अवतार पशु के रूप लिए थे। ये चारों अवतार हैं- मत्स्य अवतार, कूर्म अवतार, वराह अवतार और नरसिंघ अवतार।

## कुंभ और मकर राशि के जातक आज के दिन करें ये उपाय, कम होगा साढ़े साती का प्रभाव

वर्तमान समय में मकर राशि पर साढ़े साती का अंतिम चरण चल रहा है। वहीं कुंभ राशि के जातकों पर दूसरा चरण चल रहा है। जबकि मीन राशि के जातकों पर साढ़े साती का प्रथम चरण चल रहा है। मकर राशि के जातकों को साढ़े साती से 29 मार्च 2025 को मुक्ति मिलेगी। मंगलवार के दिन हनुमान मंदिर जाकर राम चालीसा का पाठ करें। सनातन धर्म में मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मनचाही नौकरी पाने या मांगलिक दोष को दूर करने के लिए साधक मंगलवार के दिन व्रत भी करते हैं। पुत्र प्राप्ति हेतु भी महिलाएं हनुमान जी के निमित्त मंगलवार के दिन व्रत रखती हैं। इस व्रत के पुण्य प्रताप से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही जीवन में व्याप्त रोग, दोष, भय, कर्ज समेत सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। सनातन शास्त्रों में निहित है कि हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से शनि दोष से भी मुक्ति मिलती है। वर्तमान समय में मकर, कुंभ और मीन राशि के जातक साढ़े साती से पीड़ित हैं। अगर आपकी राशि कुंभ या मकर है, तो शनि की साढ़े साती से बचाव के लिए मंगलवार के दिन ये उपाय जरूर करें।

### साढ़े साती

वर्तमान समय में मकर राशि पर साढ़े साती का अंतिम चरण चल रहा है। वहीं, कुंभ राशि के जातकों पर दूसरा चरण चल रहा है। जबकि, मीन राशि के जातकों पर साढ़े साती का प्रथम चरण चल रहा है। मकर राशि के जातकों को साढ़े साती से 29 मार्च, 2025 को मुक्ति मिलेगी।

### मंगलवार के उपाय

- मंगलवार के दिन स्नान-ध्यान करने के बाद हनुमान मंदिर जाकर राम चालीसा का पाठ करें। साथ ही राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इस उपाय को करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से जातक की कुंडली में व्याप्त शनि दोष का प्रभाव समाप्त या कम हो जाता है।
- मंगलवार के दिन पूजा के समय बजरंग बाण और सुंदर कांड का पाठ करें। इस उपाय को करने से भी साढ़े साती का प्रभाव कम होता है।
- ज्योतिषियों की मानें तो मंगलवार के दिन हनुमान जी के समक्ष 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से भी शनि दोष दूर होता है। अतः मंगलवार के दिन विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- अगर आप साढ़े साती से पीड़ित हैं, तो मंगलवार के दिन स्नान-ध्यान करने के पश्चात निकटतम हनुमान मंदिर जाएं और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त बजरंगबली को मोतीचूर के लड्डू अर्पित करें। इस प्रसाद को मंदिर प्रांगण में ही उपस्थित लोगों के मध्य वितरित कर दें। इस उपाय को आप हर मंगलवार के दिन कर सकते हैं।
- मकर और कुंभ राशि के स्वामी शनि देव हैं और आराध्य देवों के देव महादेव हैं। हनुमान जी देवों के देव महादेव के 11 वें रुद्र अवतार हैं। अतः हर मंगलवार के दिन अपने आराध्य की पूजा-उपासना करें। साथ ही उन्हें लाल रंग के फूल, फल, वस्त्र आदि चीजें अर्पित करें।

## अग्नि पंचक होने जा रहा है शुरू, ये पांच दिन बरतें विशेष सावधानी

ज्योतिष शास्त्र में प्रत्येक मास में पांच दिन ऐसे होते हैं जिसमें सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। इन पांच दिनों को पंचक नाम दिया गया है। बता दें कि पंचक के दौरान कुछ विशेष बातों का ध्यान रखा जाता है। आइए जानते हैं सितंबर मास में कब शुरू हो रहा है पंचक और इससे जुड़े कुछ महत्वपूर्ण नियम? ज्योतिष शास्त्र में विभिन्न तिथियों के विषय में विस्तार से बताया गया है। इनमें से कुछ शुभ माने जाते हैं, वहीं कुछ अशुभ होते हैं। बता दें कि प्रत्येक मास में कुछ ऐसे दिन होते हैं, जिन्हें मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। बता दें कि पंचक में कई प्रकार के शुभ कार्यों पर प्रतिबन्ध लग जाता है। आइए जानते हैं अक्टूबर मास में किस समय से शुरू हो रहा है पंचक और इससे जुड़े कुछ महत्वपूर्ण नियम?

### सितंबर 2023 पंचक प्रारंभ

पंचांग के अनुसार, सितंबर मास में पंचक 26 सितंबर 2023, मंगलवार रात्रि 08 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा। इसका समापन 30 सितंबर 2023, शनिवार रात्रि 09 बजकर 08 मिनट पर हो जाएगा।

### पंचक में जरूर रखें इन बातों का ध्यान

- पंचक की अवधि में दिशा का विशेष ध्यान रखना है। पंचक के दौरान व्यक्ति को दक्षिण दिशा में यात्रा नहीं करना चाहिए। ऐसा यदि आवश्यक है तो कुछ कदम उत्तर दिशा में चलकर इस दिशा में यात्रा करें।
- पंचक की अवधि में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश इत्यादि मांगलिक कार्य भी निषेध है। ऐसा करने से मांगलिक कार्यों पर देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त नहीं होता है। साथ जीवन में नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव बढ़ने का भय रहता है।
- पंचक के दौरान घर की छत ढलवाने की मनाही है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि ऐसा करने से घर में नकारात्मकता बढ़ती है और कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है।

# गणेश विसर्जन के दिन इन शुभ योग का हो रहा है निर्माण, इन राशियों की बदलेगी किस्मत

पंचांग के अनुसार गणेश विसर्जन तिथि पर रवि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण प्रातः काल 06 बजकर 12 मिनट से हो रहा है जो दिन भर रहेगा। साथ ही वृद्धि योग भी बन रहा है। शुभ कार्यों के लिए वृद्धि योग उत्तम माना जाता है। इसके अलावा गणेश विसर्जन के दिन पूर्व भाद्रपद नक्षत्र का संयोग बन रहा है। हर वर्ष अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन किया जाता है। इस वर्ष 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी है। अतः गुरुवार 28 सितंबर को गणेश विसर्जन किया जाएगा। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन भगवान गणेश का अवतरण हुआ है। अतः चतुर्थी तिथि से लेकर चतुर्दशी तिथि तक भगवान गणेश की श्रद्धा भाव से पूजा और सेवा की जाती है। वहीं, अनंत चतुर्दशी तिथि पर विधि-विधान से बप्पा की पूजा कर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो गणेश विसर्जन तिथि पर कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है।

### शुभ योग



- पंचांग के अनुसार, गणेश विसर्जन तिथि पर रवि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण प्रातः काल 06 बजकर 12 मिनट से हो रहा है, जो दिन भर रहेगा। साथ ही वृद्धि योग भी बन रहा है। शुभ कार्यों के लिए वृद्धि योग उत्तम माना जाता है। इसके अलावा, गणेश विसर्जन के दिन पूर्व भाद्रपद नक्षत्र का संयोग बन रहा है। भगवान गणेश का अवतार भी भाद्रपद माह में हुआ है। पूर्व भाद्रपद नक्षत्र का दुर्लभ संयोग (मध्य रात्रि 01 बजकर 48 मिनट तक) बन रहा है। इस नक्षत्र में चार चरण होते हैं। अतः चार चरणों में जन्मे जातक को मनचाही मुराद पूरी हो सकती है।
- ज्योतिषियों की मानें तो पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के प्रथम चरण का स्वामी मंगल देव हैं। मंगल देव मेष और वृश्चिक राशि के स्वामी हैं। अतः गणेश विसर्जन के दिन प्रथम चरण यानी प्रथम तिमाही में जन्मे मेष राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा। साथ ही करियर में भी मनचाही सफलता मिलेगी।
- पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के दूसरे चरण का स्वामी शुक्र देव हैं। वहीं, नवमांश वृषभ राशि है। अतः वृषभ राशि के जातक को गणेश विसर्जन के दिन शुभ फल प्राप्त होगा। साथ ही गणेश जी की कृपा से जीवन में सुख और समृद्धि का आगमन होगा। आप भविष्य के लिए रणनीति तैयार कर सकते हैं।
- पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के तीसरे चरण का स्वामी बुध देव हैं। ग्रहों के राजकुमार बुध देव मिथुन और कन्या राशि के स्वामी हैं। अतः गणेश विसर्जन पर मिथुन राशि को शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। साथ ही बिगड़े काम बन सकते हैं। रोजगार और कारोबार में भी मन मुताबिक सफलता मिलेगी।
- पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के चौथे चरण का स्वामी चंद्र देव हैं। अतः कर्क राशि के जातकों के भाग्य में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बन सकते हैं। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। मानसिक तनाव से निजात मिलेगी। परिवार में खुशनुमा माहौल रहेगा।

# इमरान खान को अब जेल में मिलेगी उच्च स्तरीय सुविधा



■ **अदालत ने दिया अदियाला जेल में ट्रांसफर का आदेश**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

इस्लामाबाद। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इमरान खान को अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के अदियाला जेल में रकने का निर्देश दिया। 70 वर्षीय इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा के तौर पर पांच अगस्त से ही अटोक जेल में रखा गया है। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को अधिकारियों से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत के अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के गैरीसन शहर के उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने का आदेश दिया है। अगस्त में तहरीक-ए-इस्लाम पार्टी ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पूर्व पीएम को उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने के लिए याचिका दायर की थी।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इमरान खान को अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के अदियाला जेल में रखने का निर्देश दिया। 70 वर्षीय इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा के तौर पर पांच अगस्त से ही अटोक जेल में रखा गया है। हालांकि, इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन उन्हें गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में अटोक जेल में ही रखा गया। सरकारी गोपनीयता अधिनियम के अंतर्गत एक विशेष अदालत ने गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में 13 सितंबर को इमरान खान की रिमांड बढ़ाकर 26 सितंबर तक कर दी।

इस्लामाबाद अदालत ने पूर्व पीएम को तीन साल की सजा सुनाई है और अधिकारियों को उन्हें अदियाला जेल में रखने का भी आदेश दिया है। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद से ही इमरान खान को अटोक जेल में रखा गया है।

# वीजा सेवाओं पर भारत की कार्रवाई से परेशान कनाडाई रक्षा मंत्री, जताई चिंता

## खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की मौत के बाद से ही भारत और कनाडा के रिश्तों में आई दरार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित करने के मामले पर कनाडा रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, , मैं उन उपायों के बारे में चिंतित हूं, जो वे उठा रहे हैं क्योंकि यहां एक बहुत महत्वपूर्ण भारतीय-कनाडाई आबादी है।



खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की मौत के बाद से ही भारत और कनाडा के रिश्तों में दरार आई है। कनाडा के प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय खुफिया एजेंसी पर निज्जर की हत्या के आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद से ही भारत और कनाडा एक-दूसरे को रास नहीं आ रहे हैं। आरोपों के बाद भारत द्वारा कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया। अब कनाडा के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने भारत के इस कदम को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, हमने भारत से निज्जर हत्या की जांच में पूरा सहयोग करने का आग्रह किया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि उचित तरीके से हल करने के लिए मिलकर काम करें। ब्लेयर ने रविवार को कनाडा के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक सीबीसी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा, हमें विश्वास है कि हमारे पास बहुत विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे हम बहुत चिंतित हैं और आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) ने अब जांच शुरू कर दी है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह भारत द्वारा अपनाए गए कुछ कदमों के बारे में चिंतित हैं, ब्लेयर ने कहा, मैं उन कदमों के बारे में चिंतित हूं जो वे उठा रहे हैं क्योंकि हमारे देश में एक बहुत महत्वपूर्ण भारतीय-कनाडाई आबादी है। वे सभी लोग परिवार और व्यवसाय तथा अन्य रिश्तों के माध्यम से भारत से जुड़े हुए हैं। वहीं, द वेस्ट ब्लॉक पर रविवार को प्रसारित एक अलग साक्षात्कार में, ब्लेयर ने भारत के साथ संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए सुझाव दिया कि आरोपों की जांच जारी रहने तक कनाडा इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसी साझेदारियों को आगे बढ़ाता रहेगा। ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को एक कार पार्किंग में खालिस्तानी आंतकी निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो ने अपने संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय खुफिया एजेंट इस हत्या में संलिप्त हो सकते हैं।

आरोपों के बाद से भारत और कनाडा आमने-सामने है। भारत ने 2020 में ही निज्जर को आंतकवादी घोषित किया था।

### भारत ने आरोपों पर दी थी प्रतिक्रिया

कनाडा पीएम ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों पर भारत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ये सभी आरोप बेतुके हैं। इस मामले में ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में भारत ने भी एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। भारत ने पिछले सप्ताह कनाडा से सक्रिय आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर कार्रवाई करने को कहा था। भारत ने कनाडा से देश में अपने राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिए भी कहा था। यह तर्क देते हुए कि आपसी राजनयिक उपस्थिति में ताकत और रैंक में समानता होनी चाहिए। भारत में कनाडाई राजनयिक कर्मचारियों का आकार नई दिल्ली के कनाडा से बड़ा है। कनाडा प्रधानमंत्री ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा, कनाडा ने निज्जर की हत्या पर कई सप्ताह पहले सबूत भारत के साथ साझा किए थे। वह चाहते हैं कि नई दिल्ली बहुत गंभीर मामले में तथ्यों को स्थापित करने के लिए ओटावा के साथ रचनात्मक रूप से प्रतिबद्ध हो।

# बेटे की मौत से निराश व्यक्ति ने चलाया अभियान

■ **लोगों से की अपील**

**लंदन।** जय पटेल ने कहा कि हमारा मानना है कि सरकार इस दिशा में मजबूत कदम उठा रही है कि रोगी की देखभाल में क्या गलत हुआ।

यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि रोगी को कोई नुकसान ना हो। ब्रिटेन में एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए 'पेशेंट लाइव्स मैटर' नामक अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान को शुरू करने वाले जय पटेल के बेटे की बीते दिनों मौत हो गई थी। जय पटेल का मानना है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे की मौत हुई। इसकी जांच चल रही है। बता दें कि जय पटेल का आरोप है कि इस महीने की शुरूआत में उनके 30 वर्षीय बेटे बलराम की लंदन स्थित अस्पताल में सही इलाज ना मिलने और सही देखभाल ना मिलने के चलते जान चली गई थी। अभियान की शुरूआत में अपने बयान में जय पटेल ने कहा कि उनका बेटा बलराम बहुत दर्द और परेशानी में मरा और समय से पहले उसकी जान चली गई। इसकी वजह इलाज और देखभाल में कमी थी। हमारा मानना है कि सरकार इस दिशा में मजबूत कदम उठा रही है कि रोगी की देखभाल में क्या गलत हुआ।

यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि रोगी को कोई नुकसान ना हो। जय पटेल ने इस मामले में लोगों से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की है। जय पटेल ने कहा कि अपने बलराम के जाने से हम बहुत दुखी हैं। पेशेंट लाइव्स मैटर अभियान के तहत हम चाहते हैं कि संसद में भी इस पर चर्चा हो और बदलाव आए। इससे पहले ब्रिटेन में मार्था रूल नाम से भी एक अभियान चलाया गया था, जिसमें दूसरी सलाह लेने की स्वतंत्रता देने की मांग की गई है। 13 साल की मार्था की साल 2021 में सेप्सिस के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां ने इस अभियान की शुरूआत की। ब्रिटेन की सरकार ने भी इस अभियान को समर्थन दिया है।

# 'नाजी सैनिक को सम्मान देना घृणित'

■ **रूसी राजदूत बोले- कनाडा यूक्रेनी नाजियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह**



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि कनाडा यूक्रेनी नाजियों के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग रहा है और बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि अज्ञानता के लिए माफी मांगना हास्यास्पद है, जबकि खड़े होकर तालियां बजाना सब कुछ जाहिर करता है। भगवान का शुक्र है कि जेलेंस्की के दादा यह देखने के लिए जीवित नहीं हैं कि उनका पोता क्या बन गया है। कनाडा की संसद में एक पूर्व नाजी सैनिक को सम्मानित करने के कृत्य को 'घृणित' करार देते हुए भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि अज्ञानता के लिए माफी मांगना पूरी तरह से हास्यास्पद है। राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कनाडा को यूक्रेनी नाजियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह कहा। अलीपोव ने कहा, ₹कनाडा यूक्रेनी नाजियों के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग रहा है और बना हुआ है।

उन्होंने कहा अज्ञानता के लिए माफी मांगना हास्यास्पद है, जबकि खड़े होकर तालियां बजाना सब कुछ जाहिर करता है। भगवान का शुक्र है कि जेलेंस्की के दादा यह देखने के लिए जीवित नहीं हैं कि उनका पोता क्या बन गया है।₹ उन्होंने लिखा यह घृणित है।₹ शुक्रवार को, राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की यात्रा के दौरान कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक 98 वर्षीय यूक्रेनी अप्रवासी यारोस्लाव हुंका को युद्ध नायक के रूप में सम्मानित किए जाने के बाद, एक महत्वपूर्ण विवाद छिड़ गया। इस बीच, कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर एंथनी रोटा ने कनाडा और दुनिया भर में यहूदी समुदायों से माफी मांगी है। उन्होंने 22 सितंबर को कनाडा की संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन के दौरान गैलरी में हुंका की प्रशंसा की थी।

रोटा ने एक बयान में कहा, शुक्रवार, 22 सितंबर को, यूक्रेन के राष्ट्रपति के संबोधन के बाद मेरी टिप्पणी में, मैंने गैलरी में एक व्यक्ति की प्रशंसा की। मैं उनके बाद में अधिक जानकारी से अवगत हो गया हूं जिसके कारण मुझे ऐसा करने के अपने फैसले पर पछतावा होता है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि साथी सांसदों और यूक्रेन प्रतिनिधिमंडल सहित किसी को भी मेरे भाषण देने से पहले मेरे इरादे या मेरी टिप्पणियों के बारे में पता नहीं था।

कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पोइलीवरे ने एसएस (एक नाजी डिवीजन) के 14वें वाफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के एक वेटरन से मिलने और सम्मानित करने के लिए कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की आलोचना की। उन्होंने ट्रूडो से इस मामले में माफी मांगने को कहा। पोइलीवरे ने कहा कि उदारवादियों ने इस सप्ताह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की कनाडा यात्रा के दौरान हाउस ऑफ कॉमन्स में नाजी दिग्गजों को मान्यता देने का इंतजाम किया। उन्होंने इसे ट्रूडो की ओर से लिए गए निर्णय में एक ₹भयावह त्रुटि₹ कहा, जिनका कार्यालय सभी मेहमानों की व्यवस्था और जांच करने और इस तरह की राजकीय यात्राओं के का प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बीते शुक्रवार को कनाडा की संसद को संबोधित किया और कहा कि यूक्रेन की जीत के साथ रूस की आक्रामकता समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने कीव के निरंतर समर्थन के लिए कनाडा को बार-बार धन्यवाद दिया। जेलेंस्की के साथ यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का भी थीं। हाउस ऑफ कॉमन्स में पहुंचने पर उनका खड़े होकर अभिवादन किया गया।

# ब्रिटेन में पुलिस अधिकारियों की बगावत के बाद उनके समर्थन में उतरी सरकार



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**लंदन।** क्राउन प्रोसिक्युशन सर्विस ने गोली चलाने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ मामला चलाने का आदेश दिया है। जिसे लेकर पुलिस विभाग में नाराजगी है। इस नाराजगी के चलते ब्रिटेन की मेट्रोपोलिटन पुलिस के कई अधिकारियों ने हथियार रखने के अपने लाइसेंस को सरेंडर कर दिया है।

ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने पुलिस अधिकारियों को न्यायिक सुरक्षा देने के समीक्षा शुरू करने का आदेश दिया है। दरअसल पुलिस अधिकारियों के बागी रुख अपनाने के बाद सरकार ने यह फैसला किया है। गृह मंत्री ने कहा कि 'हम अपनी सुरक्षा के लिए अपने बहादुर सुरक्षा अधिकारियों पर निर्भर करते हैं। जनता के हित के लिए वह सेकेंड के कुछ हिस्से में बेहद दबाव में फैसले लेते हैं।

अपना कर्तव्य निभाने के लिए उन्हें कटघरे में खड़े होने का डर नहीं होना चाहिए। अधिकारी हमे सुरक्षित रखने के लिए अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। ऐसे में उन्हें हमारा पूरा समर्थन है। इसलिए हमने समीक्षा का फैसला किया, जिससे पुलिस अधिकारियों का विश्वास ड्यूटी करते हुए कमजोर ना पड़े।'

### क्या है मामला

बता दें कि बीते साल दक्षिण लंदन में 24 साल के एक अश्वेत युवक क्रिस काबा की पुलिस की गोली से मौत हो गई थी। जब क्रिस को गोली लगी, वह कार में था और निहत्था था। इस हत्या के बाद ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। अब क्राउन प्रोसिक्युशन सर्विस ने गोली चलाने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ मामला चलाने का आदेश दिया है। जिसे लेकर पुलिस विभाग में नाराजगी है। इस नाराजगी के चलते ब्रिटेन की मेट्रोपोलिटन पुलिस के कई अधिकारियों ने हथियार रखने के अपने लाइसेंस को सरेंडर कर दिया है। इसे लेकर ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बैकअप के लिए सैनिक उपलब्ध कराने की पेशकश की है। वहीं गृहमंत्री द्वारा समर्थन किए जाने के बाद पुलिस विभाग ने भी खुशी जताई। पुलिस चीफ सर मार्क राउली ने गृहमंत्री द्वारा समीक्षा के आदेश के फैसले की तारीफ की और कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी जरूरी है, जिसमें पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी करते समय डरें नहीं।

मैक्सिको में अजब मामला

# पुलिस ने 'शैतानी गुड्डे' को गिरफ्तार किया! हाथों में चाकू लेकर लोगों को डराने का आरोप

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिकी मीडिया के अनुसार पुलिस ने गुड़िया को गिरफ्तार करने के साथ उसके मालिक को भी पकड़ लिया है। इस गुड़िया को शैतानी गुड़िया के नाम से जाता है। लोगों को डराने के लिए इसके हाथ में एक असली चाकू दे दी जाती है। मैक्सिको में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने एक गुड्डे को गिरफ्तार किया है।

हालांकि, यह कोई ऐसा वैसा गुड्डा नहीं है, बल्कि यह एक डरावना गुड्डा है, जिसका नाम चकी है। दरअसल, गुड्डे का मलिक चकी का इस्तेमाल लोगों को डराने के लिए करता था। अमेरिकी मीडिया के अनुसार पुलिस ने गुड्डे को गिरफ्तार करने के साथ



उसके मालिक को भी पकड़ लिया है। इस गुड्डे को शैतानी गुड्डे के नाम से जाना जाता है। लोगों को डराने के लिए इसके हाथ में एक असली चाकू दे दी जाती है। चकी और उसके मालिक के ऊपर 11 सितंबर को उत्तरी मैक्सिको के कोहुइला राज्य के शहर मोनक्लोवा में लोगों को डराने का आरोप लगा है।

गुड्डे का मालिक इससे पहले भी लोगों को डराने और उनसे पैसे लेने के लिए गुड्डे का इस्तेमाल करता आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कार्लोस के तौर पर हुई है, जो शहर के मेन स्क्वायर पर नशे की हालत में था और लोगों को डराने के लिए उसने अपने चेहरे पर गुड्डे को रखा हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि यह एक अपराध है, और इसी वजह से आरोपी और उसके गुड्डे को गिरफ्तार किया गया है।

# मां ने बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखा

■ **कहा- देखना चाहती थी पिता का प्यार, अब हुई जेल की सजा**





**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** मामला साल 2021 का है। ओरेगॉन में पुलिस को एक बच्चे को फ्रीजर में रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो उसने शारडे मैकडोनाल्ड को बच्चे के पिता पर चिल्लाते हुए सुना गया। अमेरिका से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के ओरेगॉन में एक महिला को 30 दिनों के लिए जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, महिला ने यह देखने के लिए अपने बच्चे को फ्रीजर में रख दिया कि उसके पिता को उसकी परवाह है या नहीं।

**तुम्हें कोई मतलब नहीं...**

मामला साल 2021 का है। ओरेगॉन में पुलिस को एक बच्चे को फ्रीजर में रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो उसने शारडे मैकडोनाल्ड को बच्चे के पिता पर चिल्लाते हुए सुना। महिला जोर-जोर से चिल्ला रही थी, मैं तुम्हें बहुत जल्दी दिखाने वाली हूं। तुम उसे नहीं चाहते? रुको, मैं तुम्हें दिखाती हूं इस छोटे बच्चे के साथ क्या कर सकती हूं। तुम्हें कोई मतलब नहीं।

जब पुलिस ने अपार्टमेंट का दरवाजा खटखटाया, तो महिला बच्चे को कंबल में लपेटे हुए बाहर आई। अधिकारियों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखककर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रही थी।

**तस्वीरें सामने आईं**

बच्चे को पानी में डुबोते हुए उसकी तस्वीरें भी थीं। अधिकारियों ने कहा कि तस्वीरों को देखकर लग रहा था कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जबकि उसके मूंह पर पानी बह रहा था। जब पुलिस मैकडोनाल्ड को पकड़कर ले जा रही थी, तो उसने कहा कि यह देखने के लिए ऐसा किया था कि क्या उसके पति नील को बच्चे से फर्क पड़ता है या नहीं।

**30 दिन की सजा**

बता दें, 28 अक्तूबर, 2021 को जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। इसके बाद 30 वर्षीय शारडे मैकडोनाल्ड को आपराधिक दुर्व्यवहार, आईडी चोरी और एक गवाह के साथ छेड़छाड़ का दोषी ठहराया गया। अब, महिला को 30 दिन की जेल की सजा सुनाई गई है।

मुल्नोमा काउंटी डिटेंशन सेंटर के अनुसार, मैकडॉनल्ड्स को 6 अक्तूबर को रिहा किया जाएगा। महिला ने 28 जुलाई को इन आरोपों को स्वीकार कर लिया था

ओसिरिस रेक्स मिशन

नमूने के साथ आई चट्टानें और मिट्टी हमारे सौरमंडल की शुरूआत के बारे में अहम जानकारी दे सकती हैं

# सात साल के इंतजार के बाद अंतरिक्ष से आया बेन्नू है क्या, इससे नासा को क्या हासिल होगा?

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**नई दिल्ली।** नासा का एक कैप्सूल क्षुद्रग्रह बेन्नू का नमूना लेकर हमारी पृथ्वी पर उतरा है। जिस मिशन के जरिए नासा ने यह कारनामा किया है वह OSIRIS-REx था। नमूने के साथ आईं चट्टानें और मिट्टी हमारे सौरमंडल की शुरूआत के बारे में अहम जानकारी दे सकती हैं। नासा ने रविवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।





दरअसल, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का एक कैप्सूल क्षुद्रग्रह बेन्नू का नमूना लेकर हमारी पृथ्वी पर उतरा है। धरती पर उतरे सैंपल से वैज्ञानिकों को सौर मंडल की उत्पत्ति के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। नासा को इस सफलता के लिए सात साल का इंतजार करना पड़ा है। लिहाजा सवाल उठते हैं कि धरती पर उतरा नमूना क्या है? इसके लिए भेजा गया मिशन ओसिरिस-रेक्स क्या था? नमूने के धरती पर उतरने के बाद क्या हुआ? इससे वैज्ञानिकों को क्या हासिल होगा? इस नमूने की अहमियत क्या है? आइये समझते हैं...एजेन्सी के मुताबिक, नमूने में करीब 250 ग्राम क्षुद्रग्रह चट्टानें और मिट्टी हैं। जब इस कैप्सूल ने पृथ्वी की वायुमंडल में प्रवेश किया, उस समय इसकी गति 44,498 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इतनी गति बंदूक से निकली गोली से 15 गुना से भी अधिक मानी जाती है। इस सफलता पर नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। नेल्सन ने कहा, 'डरकक्रक-फए७ टीम को बधाई। आपने यह किया। यह कुछ असाधारण चीज लेकर आया।'

इसे पृथ्वी पर अब तक प्राप्त सबसे बड़ा क्षुद्रग्रह नमूना बताते हुए एजेंसी प्रमुख ने कहा, 'यह मिशन साबित करता है कि नासा बड़े काम करता है, ऐसी चीजें जो हमें प्रेरित करती हैं, ऐसी चीजें जो हमें एकजुट करती हैं। यह मिशन असंभव था जो संभव हो गया।' मिशन के कार्यक्रम प्रबंधक सैंड्रा फ्रायंड ने कहा कि महीनों से इस काम के लिए रिकवरी टीमें ट्रेनिंग ले रही हैं। इन्होने कैप्सूल के सुरक्षित होने पर उसे दोबारा कब्जे में ले लिया। कैप्सूल जब धरती पर प्रवेश किया तो इसका तापमान 2,760 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि कैप्सूल की बैटरी न फटे और न ही कोई जहरीला धुआं लीक हो।

### पहले जानते हैं कि धरती पर उतरा नमूना क्या है?

नासा का एक कैप्सूल क्षुद्रग्रह बेन्नू का नमूना लेकर हमारी पृथ्वी पर उतरा है। इसे भारतीय समयानुसार रविवार रात 8.22 बजे पैराशूट के जरिये यूटा रेगिस्तान में उतारा गया। यह रेगिस्तान अमेरिकी रक्षा विभाग के यूटा परीक्षण और प्रशिक्षण रेंज में आता है।

### अब जानते हैं ओसिरिस-रेक्स मिशन क्या था?

जिस मिशन के जरिए नासा ने यह कारनामा किया है वह OSIRIS-REx था। OSIRIS-REx का अर्थ ऑरिजिंस, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, सिक्योरिटी, रेगोलिथ एक्सप्लोरर है। इस मिशन ने सात साल पहले 2016 में उड़ान भरी और 2018 में बेन्नू क्षुद्रग्रह की परिक्रमा शुरू की। 2020 में अंतरिक्ष यान ने नमूना इकट्ठा किया। अंततः पृथ्वी पर आने के लिए मिशन ने मई 2021 में अपना लंबा सफर शुरू किया। मिशन ने बेन्नू और वापसी तक कुल 6.22 अरब किलोमीटर की यात्रा की।

### नमूने के धरती पर उतरने के बाद क्या हुआ?

चार हेलीकॉप्टरों ने रिकवरी और रिसर्च टीमों को लैंडिंग साइट पर पहुंचाया। यह सुनिश्चित करने के लिए टीम ने जांच की कि कैप्सूल किसी भी तरह से क्षतिग्रस्त नहीं हुआ था। टीम ने पुष्टि की कि लैंडिंग के दौरान कैप्सूल में कोई क्षति नहीं आई।

### नमूने से वैज्ञानिकों को क्या हासिल होगा?

जानकारी के मुताबिक, नमूने के बारे में विवरण देने के लिए 11 अक्तूबर को जॉनसन स्पेस सेंटर से नासा प्रसारण करेगा। वहीं शोधकर्ताओं की मंगलवार को नमूने से कुछ बारीक सामग्री इकट्ठा करने की योजना है। नासा से जुड़े वैज्ञानिक लॉरेटा ने बताया कि प्रारंभिक विश्लेषण में खनिजों और रासायनिक तत्वों की मौजूदगी का पता लगाया जाएगा।

### नमूना क्यों अहम है?

नमूने के साथ आईं चट्टानें और मिट्टी हमारे सौरमंडल की शुरूआत के बारे में अहम जानकारी दे सकती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि बेन्नू जैसे काबोर्नेसियस क्षुद्रग्रह पृथ्वी के निर्माण के दौरान जल्दी ही ग्रह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे पानी जैसे तत्व मिले।

# चौड़ा मैदान में भाजपा ने किया उग्र प्रदर्शन

## सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** शिमला के चौड़ा मैदान में भाजपा की ओर से सोमवार सुबह उग्र प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स के पास पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में भाजपा की ओर से सोमवार सुबह उग्र प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स के पास पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। विधानसभा घेराव के लिए पुलिस से संघर्ष भी हुआ। हालांकि, भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेड्स से आगे नहीं जा पाए। वहीं, पुलिसकर्मियों पर खाली बोतलें फेंकी गईं। इससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि दोपहर 2:00 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले स्थिति सामान्य हो गई थी। धरना-प्रदर्शन के लिए भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सोमवार सुबह 11 बजे ही चौड़ा मैदान में जुटना शुरू हो गए थे।

भाजपा ने आपदा राहत का ठीक से आवंटन नहीं कर पाने, जनता को दी गारंटियों को लागू नहीं करने, महंगाई जैसे विभिन्न मुद्दों पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को चौड़ा मैदान में तैनात किया गया था। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना सहित भाजपा के विधायक व अन्य नेता मौजूद हैं। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

## क्रिप्टोकरेंसी जालसाजी मामलों की जांच के लिए बनेगी एसआईटीःमुकेश



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही दोपहर 2:00 बजे शुरू हुई। प्रश्नकाल में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टोकरेंसी जालसाजी के मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा।

उन्होंने यह बात विधायक होशियार सिंह की ओर से पूछे गए प्रश्न के जवाब में कही। मुकेश ने कहा कि प्रदेश में अब तक पुलिस के पास 56 शिकायतें आ चुकी हैं। इनमें से छह मामलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अनुपस्थिति में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन के नेता की भूमिका निभाई।

उन्होंने सदन में कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू उत्तरी क्षेत्र परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए अमृतसर गए हैं। वहीं, टांडा मेडिकल कॉलेज में पहली सफल ओपन हार्ट सर्जरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में यह जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल तीन दिवसीय किन्नौर दौरे पर, लेपचा में आईटीबीपी की अग्रणी चौकियों का किया निरीक्षण



**पूह (किन्नौर)।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल जनजातीय जिला किन्नौर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को पूह पहुंचे। सुबह हेलिकाप्टर से समदो में पहुंचे। राज्यपाल ने लेपचा में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल की अग्रणी चौकियों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने नाको गांव का दौरा किया और स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही प्रदेश और केंद्र सरकार के समक्ष इन समस्याओं को लेकर चर्चा करने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त किनौर तोरुल एस रवीश के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### उच्च माध्यमिक शिक्षकों को बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता कैसे पैदा करने पर बांटा ज्ञान



**नाहन (सिरमौर)।** सर्व शिक्षा अभियान और विश्व बैंक के स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत अंग्रेजी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लिए डाइट नाहन में कार्यशाला आयोजित हुई। पांच दिवसीय कार्यशाला में करीब 58 शिक्षक मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंभ अश्वनी ठाकुर ने किया। कार्यशाला समन्वयक ओंकार शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला 29 सितंबर तक चलेगी। इसके बाद छठे चरण की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में स्त्रोत व्यक्ति मीनू गोयल, कपिल देव, अजय कुमार, प्रदीप कुमार शिक्षकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित कर रहे हैं। शिक्षकों को बच्चों में अंग्रेजी का डर कैसे खत्म करें और उनमें अंग्रेजी बोलने की क्षमता कैसे पैदा करें जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा बच्चों को खेल-खेल और अन्य गतिविधियों से इस विषय को सरल रूप में पढ़ाने पर भी जागरूक किया जाएगा। कार्यशाला के पहले सत्र में शिक्षकों का पंजीकरण किया गया। इसके अलावा एक दूसरे से परिचय भी किया गया। दूसरे सत्र में शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गणित को पढ़ाने को टिप्स दिए गए। इस अवसर पर शिक्षक पूनम कुमार, अनंत आलक समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। वहीं, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नाहन में विद्यालय के सामान्य मुद्दों के समाधान को लेकर सोमवार को छह दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। इसका शुभारंभ अश्वनी ठाकुर ने किया। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 65 जेबीटी, ओटी और टीजीटी अध्यापक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव सामने आया है, अब एनसीएफ-2023 के ड्राफ्ट में भारतीय शिक्षा में बड़े बदलाव की जानकारी दी गई है।

### टिपर पलटने से व्यक्ति की मौत, एक घायल, टाहलीवाल में हुआ हादसा

**शिमला।** ऊना जिले के हरोली के टाहलीवाल में रविवार देर रात एक टिपर पलटने से चालक की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली के टाहलीवाल में रविवार देर रात एक टिपर पलटने से चालक की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान टिपर चालक मेजर सिंह (43) निवासी औद्योगिक क्षेत्र लुधियाना के तौर पर हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का नाम राजेंद्र प्रसाद (51) निवासी रोहतास, बिहार के तौर पर हुई है। हरोली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि टिपर गोंदपुर से लुधियाना की ओर जा रहा था। इसी दौरान टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र के पास मुख्य सड़क पर चालक टिपर से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही हरोली पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### हरोली के कांटे में महिला की संदिग्ध मौत, अस्पताल में तोड़ा दम

**शिमला।** ऊना जिले के हरोली क्षेत्र के गांव कांटे में एक महिला की संदिग्ध मौत होने का मामला सामने आया। शुरूआती जांच में महिला की मौत का कारण करंट लगना बताया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली क्षेत्र के गांव कांटे में एक महिला की संदिग्ध मौत होने का मामला सामने आया। शुरूआती जांच में महिला की मौत का कारण करंट लगना बताया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान संतोष कुमारी (42) पत्नी हरजिंद्र सिंह गांव व डाकघर कांटे तहसील हरोली जिला ऊना के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार संतोष कुमारी सोमवार सुबह रोजाना की तरह उठकर घर से बाहर जाने लगी। इस दौरान जब उसने घर में लगे एक लोहे के दरवाजे को खोलने के लिए हाथ लगाया तो करंट की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि दरवाजे के साथ लगकर कई तारें गुजर रही थीं। इसमें ने कुछ तारें असुरक्षित तरीके से दरवाजे के साथ लगी थीं। सोमवार को उन्हीं तारों से करंट दरवाजे में आ गया जिसकी चपेट में संतोष कुमारी आ गईं। इसके बाद महिला को परिजन तुरंत हरोली अस्पताल लेकर गए। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही हरोली पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए और कांटे गांव में जाकर मौका का मुआयना भी किया। इसके बाद डीएसपी हरोली मोहन रावत ने भी अस्पताल आकर जांच की। महिला का शव जिला ऊना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि प्राथमिक दृष्टि में यह मामला शॉर्ट सर्किट होने के कारण करंट लगने का पाया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

### धर्मशाला स्टेडियम में क्रिकेट विश्व कप की तैयारियां, बारिश के देवता इंद्रुनाग के मंदिर में होगा हवन

**कांगड़ा।** प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में अक्तूबर माह में होने वाले आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। अक्तूबर में धर्मशाला में होने वाले क्रिकेट विश्व कप के मैचों के सफल आयोजन को लेकर एचपीसीए मंगलवार 26 सितंबर को खनियारा स्थित बारिश के देवता इंद्रुनाग की शरण में जाएगी। इस दौरान एचपीसीए की ओर मैचों में बारिश से किसी प्रकार का कोई खलल न पड़े इसके लिए विशेष पूजा और हवन का आयोजन किया जाएगा। वहीं इंद्रुनाग देवता से मैचों के लिए सफल आयोजन की प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान एचपीसीए के अध्यक्ष आरपी सिंह, सचिव अवनीश परमार सहित निदेशक सुबह दस बजे होने वाली पूजा और हवन में उपस्थित रहेंगे। पूजा और हवन के बाद स्थानीय लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। पूर्व में कई ऐसे मौके रहे हैं जब देवता की आशीर्वाद के बाद मौसम विभाग की ओर से बारिश की चेतवानी होने के बाद भी बारिश नहीं हुई। एचपीसीए के सचिव परमार ने कहा कि 26 सितंबर को इंद्रुनाग मंदिर में एचपीसीए की ओर पूजा हवन के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें देवता से विश्व कप के मैचों में मौसम साफ रहने और सफल आयोजन की प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान एचपीसीए के पदाधिकारियों के साथ पिच कमेटी के सदस्य और निदेशक उपस्थित रहेंगे।

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होगी मनाली मैराथन, 200 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**कुल्लू।** मनाली मालरोड से रोहतांग दर्रा के लिए होने वाली मैराथन आकर्षण का केंद्र रहेगी। 102 किलोमीटर की मेगा मैराथन में देश-विदेश के धावक भाग ले रहे हैं। समुद्रतल से 13,050 फीट की ऊंचाई के लिए पहली बार मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा के बाद मनाली सुरक्षित है और पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है... यह संदेश देने के लिए प्रशासन और पर्यटन विभाग एक अक्तूबर को मनाली मैराथन का आयोजन कर रहा है। मनाली मालरोड से रोहतांग दर्रा के लिए होने वाली मैराथन आकर्षण का केंद्र रहेगी। 102 किलोमीटर की मेगा मैराथन में देश-विदेश के धावक भाग ले रहे हैं। समुद्रतल से 13,050 फीट की ऊंचाई के लिए पहली बार मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा और जिला पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा ने बताया कि मैराथन पांच अलग-अलग वर्गों में आयोजित की जाएगी। मनाली में बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है, मगर अब सब सामान्य हो रहा है और यही संदेश देने के लिए मैराथन करवाई जा रही है। रोहतांग के लिए सुबह 4:00 बजे मैराथन शुरू होगी, जबकि अन्य वर्ग की मैराथन 6:00 बजे से आरंभ की जाएगी। पांच चरणों में होने वाली मैराथन में देश ही नहीं विदेश के धावक भी भाग लेंगे। रोहतांग के लिए होने वाली 102 किमी की मेगा मैराथन के अलावा मनाली के मालरोड से 42 किलोमीटर की फुल, 21 किलोमीटर की हाफ, 13 की शॉर्ट और पांच किलोमीटर की रन फॉर फन मैराथन होंगी। रन फॉर फन मैराथन में पर्यटक भी भाग ले सकते हैं।

# दो किमी लंबी एक और सुरंग बनेगी एनएचएआई ने लिया फैसला

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मंडी।** संभावनाएं सिरे चढ़ीं तो यहां दो किलोमीटर लंबी सिंगल लेन टनल बनेगी। जबकि दूसरी तरफ ओपन हाईवे रहेगा। एनएचएआई ने यह फैसला बरसात के बाद पैदा हुई स्थितियों को देखते हुए लिया है।

सामरिक दृष्टि से अहम किरतपुर-मनाली फोरलेन पर एक और टनल बनने जा रही है। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआईए) ने मंडी-पंडोह निमार्णाधीन फोरलेन पर चार से सात मील के बीच संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। संभावनाएं सिरे चढ़ीं तो यहां दो किलोमीटर लंबी सिंगल लेन टनल बनेगी। जबकि दूसरी तरफ ओपन हाईवे रहेगा। एनएचएआई ने यह फैसला बरसात के बाद पैदा हुई स्थितियों को देखते हुए लिया है। इस साल जुलाई से सितंबर तक भारी बरसात से मंडी से मनाली तक फोरलेन को भारी नुकसान हुआ है।

कई जगहों पर पहाड़ी से भूस्खलन और आ रहे मलबे ने एनएचएआई की मुश्किलें बढ़ाई हैं। कई जगह एनएच को पुरानी स्थिति में लाने के लिए काम जारी है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई ने मंडी से पंडोह निमार्णाधीन फोरलेन पर चार मील से सात मील के बीच प्रस्तावित पहाड़ी के कटाई के कार्य को रोक दिया है। यहां पहाड़ी से गिरे मलबे को हटाकर पहले से मौजूद हाईवे को टू लेन बहाल करने की दिशा में काम किया जा रहा है। जबकि यहां से फोरलेन की योजना पर काम को रोक दिया गया है। यहां टनल की संभावनाएं देखी जा रही हैं।

एनएचएआई ने कंसल्टिंग एजेंसी को टनल की संभावनाओं को लेकर प्रस्ताव और डीपीआर बनाने के लिए कहा है। यहां करीब दो किलोमीटर लंबी टनल बन सकती है। बता दें कि यह फोरलेन सामरिक दृष्टि के साथ पर्यटन की लिहाज से बेहद अहम है।

अभी तक कुल 28 टनलकिरतपुर-मनाली फोरलेन में अभी तक कुल 28 सुरंगें बन रही हैं। इनमें कुछ सिंगललेन हैं तो कुछ डबललेन। इसी के साथ एक और सुरंग बनने से टनल का सफर पहले के मुकाबले कुछ कम भी होगा। जबकि भूस्खलन से सफर सुरक्षित होगा और खतरा कम हो जाएगा।

> *मंडी से पंडोह के बीच चार से सात मील में टनल बनाने का विचार चल रहा है। संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सब कुछ तकनीकी मानकों के अनुरूप पाया गया तो यहां टनल बनाई जाएगी, ताकि यातायात भूस्खलन की वजह से प्रभावित न हो।* -वरुण चारी, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

# ई-टैक्सी पर 50 फीसदी अनुदान और काम भी देगी सरकार, मानक संचालन प्रक्रिया तैयार



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए दो अक्तूबर से प्रदेश में राजीव गांधी स्वरोजगार योजना-2023 शुरू होगी। राजीव गांधी स्वरोजगार योजना-2023 के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए अक्तूबर माह से बेरोजगारों को 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। ई-टैक्सी खरीदने वाले युवाओं को निश्चित आमदनी हो, इसके लिए यह टैक्सियां सरकारी विभागों, स्थानीय प्राधिकरणों, स्वायत्त निकायों, बोर्ड, निगमों, सरकारी उपक्रमों और अन्य संस्थानों में किराये पर लगाई जाएंगी।

इसे लेकर सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर ली है। युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए दो अक्तूबर से प्रदेश में राजीव गांधी स्वरोजगार योजना-2023 शुरू होगी। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने तथा हिमाचल को हरित राज्य बनने के लिए सरकार ई-व्हीकल पॉलिसी लाई गई है। इसके तहत बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए अब ई-टैक्सी योजना तैयार की गई है।

ई-टैक्सी के अलावा ई-ट्रक, ई-बस, ई-टेंपो की खरीद के लिए उपदान की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत एक परिवार से केवल एक व्यक्ति ही ई-टैक्सी के लिए अनुदान का पात्र होगा।

### 8 से 18 लाख की कीमत में उपलब्ध हैं इलेक्ट्रिक गाड़ियां

बाजार में विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक गाड़ियां 8 से 18 लाख की कीमत में उपलब्ध हैं। हालांकि लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमत 40 से 80 लाख तक है। ई-टैक्सी के लिए बेरोजगार युवा अगर 18 लाख की इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदते हैं तो इस पर 9 लाख रुपये सरकारी अनुदान मिलेगा।

# अब काली नहीं पड़ेगी बटन मशरूम

**खुंब अनुसंधान निदेशालय ने विकसित की नई किस्म**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**सोलन।** बटन मशरूम सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, जो भारत के कुल मशरूम उत्पादन में करीब 70 प्रतिशत योगदान देता है।

अधिकांश बटन मशरूम की किस्मों में भूरापन और छिलके का जल्दी खुलना जैसी समस्याएं रहती हैं। देशभर में सबसे अधिक उगाई जाने वाली बटन मशरूम अब लोगों को अच्छी गुणवत्ता और दुधिया रंग के साथ मिलेगी। तुड़ान के बाद बटन मशरूम काली नहीं पड़ेगी। इसकी शेल्फ लाइफ अधिक होगी।

खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन के वैज्ञानिकों ने बटन मशरूम की एक नई किस्म एनबीएस-5 तैयार की है, जिसकी प्रदर्शनी हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खुंब मेले और जी-20 सम्मेलन में भी लगाई गई थी। जानकारी के अनुसार देश में बटन मशरूम सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, जो भारत के कुल मशरूम उत्पादन में करीब 70 प्रतिशत योगदान देता है।

अधिकांश बटन मशरूम की किस्मों में भूरापन और छिलके का जल्दी खुलना जैसी समस्याएं रहती हैं। इन किस्मों को तोड़ने के बाद तुरंत बेचना पड़ता है, क्योंकि तुड़ान के बाद यह काली पड़ जाती हैं। नई एनबीएस-5 किस्म दो से तीन दिन तक खराब नहीं होगी। यह मशरूम उसी खर्च में तैयार होती है, जितना दूसरी मशरूम को उगाने में आता है।

खाद डालते समय इस मशरूम को हाथ भी लग जाए तो दूसरी किस्मों की तरह यह खराब नहीं होगी। एनबीएस-5 किस्म सफेद रंग के कारण ग्राहकों को आकर्षित करेगी। इसलिए यह किस्म देशभर के उत्पादकों के लिए सौगात है।

# 1870 के बाद राजधानी में जन्मे अंग्रेजों और अन्य लोगों का ऑनलाइन मिलेगा रिकॉर्ड




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि अभी इंग्लैंड से कई लोग अपने उन पूर्वजों के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र लेने के लिए शिमला आते हैं, जो 1870 के बाद शिमला में पैदा हुए या यहीं उनकी मौत हो गई थी।

नगर निगम की इस ऑनलाइन सुविधा से उन्हें लाभ होगा। राजधानी में 1870 के बाद जन्मे अंग्रेजों और देश के अन्य क्षेत्रों के लोगों का रिकॉर्ड ऑनलाइन मिलेगा। नगर निगम शिमला वर्ष 2015 तक के जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र घर बैठे ऑनलाइन मुहैया करवाएगा।

नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि अभी इंग्लैंड से कई लोग अपने उन पूर्वजों के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र लेने के लिए शिमला आते हैं, जो 1870 के बाद शिमला में पैदा हुए या यहीं उनकी मौत हो गई थी। नगर निगम की इस ऑनलाइन सुविधा से उन्हें लाभ होगा। नई व्यवस्था के लिए नगर निगम ने अपने आईटी विभाग को सॉफ्टवेयर तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं।

इस साल के अंत तक लोगों को इसकी सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। खास बात यह है कि शिमला में जन्मे हजारों ब्रिटिश नागरिकों को भी अपने पूर्वजों के जन्म या मृत्यु के प्रमाण पत्र घर बैठे मिल सकेंगे। अभी शिमला घूमने आने वाले कई नागरिक यादों के तौर पर पूर्वजों के जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम में जाकर हासिल करते हैं।

### निजी अस्पतालों, घर में जन्मे बच्चे का रिकॉर्ड भी मिलेगा

शहर के निजी अस्पतालों और घरों में जन्मे बच्चों का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन होगा। लोग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करेंगे। फीस भरने के बाद प्रमाण पत्र मिलेगा। अभी नगर निगम कार्यालय में लिखित आवेदन करने पर ही ये प्रमाण पत्र मिलते हैं।

## कायाकल्प की टीम ने किया चंबा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण



**चंबा।** कायाकल्प की टीम ने सोमवार को चंबा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम में शामिल विशेषज्ञों ने सेंटर लैब से लेकर ऑप्रेशन थिएटर में साफ-सफाई को लेकर की जांच की। साथ ही इन स्थानों में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को भी जांचा। इसके अलावा मरीजों के ईलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को भी चेक किया।

इसके बाद टीम ने मरीजों के वार्ड में जाकर सुविधाओं का जायजा लिया और सामने आई कमियों को सुधारने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

**क्रिकेट वर्ल्ड कप**

**निगम की ओर से धर्मशाला में अपने होटल धौलाधार, कुनाल और भागसू के लिए यह पैकेज जारी किए**

# हिमाचल पर्यटन विकास निगम ने होटलों के पैकेज किए घोषित



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कांगड़ा।** निगम की ओर से धर्मशाला में अपने होटल धौलाधार, कुनाल और भागसू के लिए यह पैकेज जारी किए हैं। क्रिकेट प्रेमियों को पैकेज का लाभ उठाने के लिए सबसे अधिक शुल्क कोतवाली बाजार स्थित होटल धौलाधार में चुकाना होगा। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम विश्वकप के मैचों के दौरान धर्मशाला में क्रिकेट प्रेमियों की मेहमाननवाजी के लिए तैयार हो गया है। निगम ने मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के लिए होटलों के आकर्षक पैकेज घोषित कर दिए हैं।

पैकेज में दो दिन और तीन रात के ठहराव की सुविधा दी गई है। निगम की ओर से धर्मशाला में अपने होटल धौलाधार, कुनाल और भागसू के लिए यह पैकेज जारी किए हैं। क्रिकेट प्रेमियों को पैकेज का लाभ उठाने के लिए सबसे अधिक शुल्क कोतवाली बाजार स्थित होटल धौलाधार में चुकाना होगा। ट्रिपल आक्यूपेंसी के लिए डीलक्स रूम का 15,400 रुपये में तो डबल आक्यूपेंसी के लिए 11,310 रुपये का पैकेज है। इसी तरह डीलक्स रूम का 13,860 रुपये और 10,100 रुपये का पैकेज रहेगा।

लोअर धर्मशाला स्थित होटल कुनाल में सबसे कम डीलक्स रूम के 8,760 और 12,060 रुपये और सेमी डीलक्स के 7,550 रुपये और 10,520 रुपये होंगे। मैक्लोडगंज स्थित होटल भागसू में पैकेज का लाभ उठाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों को धौलाधार से कम लेकिन कुनाल से ज्यादा दाम चुकाने होंगे।

इस पैकेज में सुबह की चाय, नाश्ता और रात का शाकाहारी भोजन की सुविधा भी शामिल है। एचपीटीडीसी के एजीएम नवदीप थापा के अनुसार धर्मशाला में विश्व कप मैचों को लेकर प्रदेश और बाहरी राज्यों के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। इसे देखते हुए निगम ने विशेष ऑफर के साथ पैकेज घोषित कर दिए हैं। निगम धर्मशाला के तीन होटलों में क्रिकेट प्रेमियों को यादगार अनुभव देने के लिए तैयार है।

फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आपदा के बाद अक्तूबर से हिमाचल में सैलानियों की भारी चहल पहल शुरू होने वाली है। दुर्गा पूजा सीजन के लिए सैलानी एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसियेशन के अध्यक्ष नवीन पॉल ने बताया कि दुर्गा पूजा पर्यटन सीजन के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

सैलानियों के लिए आकर्षक पैकेज जारी किए हैं। सीजन के दौरान किन्नौर और स्पीति के होटलों में 90 फीसदी तक कमरे बुक रहने की उम्मीद है।

### दुर्गा पूजा से पर्यटन कारोबार पकड़ेगा रफ्तार

वहीं, अक्तूबर से शुरू होने वाले दुर्गा पूजा पर्यटन सीजन से हिमाचल में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र के सैलानियों ने दुर्गा पूजा की छुट्टियों के लिए एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शिमला के अलावा सैलानी किन्नौर और लाहौल-स्पीति घूमना पसंद कर रहे हैं। प्राकृतिक आपदा के बाद बीते तीन महीनों से बहुत कम संख्या में सैलानी हिमाचल का रुख कर रहे हैं। इससे पर्यटन कारोबार से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। प्रदेश के पर्यटन स्थल एक बार फिर सैलानियों से सराबोर होने वाले हैं। दुर्गा पूजा पर्यटन सीजन के लिए कमरों की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में सैलानी हॉलीडे पैकेज बुक करवा रहे हैं। हिमाचल में आपदा के बाद पर्यटन कारोबारी भी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक पैकेज जारी कर रहे हैं। दुर्गा पूजा दशहरा टूरिस्ट सीजन में बंगाल से भारी संख्या में सैलानी शिमला आते हैं। शिमला से सैलानी नारकंडा, रामपुर, किन्नौर और लाहौल-स्पीति का रुख करते हैं। बंगाल से आने वाले सैलानी शिमला में कालीबाड़ी, नारकंडा में हाटू मंदिर और रामपुर सराहन के भीमाकाली मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं।

*दुर्गा पूजा, दशहरा, क्रिसमस और नववर्ष के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों के हिमाचल आने की उम्मीद है। आपदा के बाद परिस्थितियां तेजी से सामान्य हो रही हैं। दशहरा से पहले मनाली सड़क को ब्लैक टॉप तक डबल लेन खोलने का लक्ष्य है।*

-अमित कश्यप, निदेशक, पर्यटन विभाग

# क्रिकेट में भारत की बेटियों ने जीता स्वर्ण, फाइनल में श्रीलंका को 19 रनों से हराया



**दर्पण न्यूज सर्विस**

हांगझोऊ। 19वें एशियाई खेलों में आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम का फाइनल में सामना श्रीलंका से था। इस मैच को जीतकर टीम इंडिया ने पहली बार स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। भारत ने पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया था, जबकि श्रीलंका ने दूसरे सेमीफाइनल में गत विजेता पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया था। कांस्य पदक के मैच में बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान को हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। 117 रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंकाई टीम आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी।

हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल यानी स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारत ने श्रीलंका के सामने 117 रन का लक्ष्य रखा था। भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 116 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 97 रन ही बना सकी। इस तरह टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबला 19 रन से जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही थी। शेफाली वर्मा 15 गेंदों में नौ रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को रानावीरा ने तोड़ा। उन्होंने मंधाना को आउट किया। मंधाना ने 45 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। वहीं, ऋचा घोष नौ रन, दो मैचों के प्रतिबंध के बाद टीम में वापसी कर रहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन, पूजा वस्त्राकर दो रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 गेदों में पांच चौके की मदद से 42 रन की पारी खेली। दीप्ति और अमनजोत एक-एक रन बनाकर नाबाद रहीं। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, सुगंदिका कुमारी और इनोका रानावीरा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में श्रीलंका की टीम की शुरूआत भी खराब रही थी। तितास साधु ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए चमारी अटापट्टू (12), अनुष्का संजीवनी (1) और विश्मी गुणारत्ने (0) को पवेलियन भेजा। इसके बाद हसिनी परेरा और निलाक्षी डि सिल्वा ने चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी निभाई। पूजा ने निलाक्षी (23) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। राजेश्वरी ने हसिनी (25) को आउट किया। दीप्ति ने ओशादी राणासिंघे (19), देविका वैद्य ने कविशा दिलहारी (5) और राजेश्वरी ने सुगंदिका कुमारी को आउट कर श्रीलंका की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। भारत की ओर से तितास ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, राजेश्वरी को दो विकेट मिले। दीप्ति, पूजा और देविका को एक-एक विकेट मिला।

## बल्लेबाजों की सूझबूझ और तेज गेंदबाजों की विविधता ने जिताया सोना

हांगझोऊ में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीत लिया है। टीम इंडिया का यह पहला एशियाई खेल था और उन्होंने उसी में स्वर्ण जीत लिया है। इससे पहले 2010 और 2014 में दो बार महिला क्रिकेट ने एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। हालांकि, तब टीम इंडिया ने अपनी टीम नहीं भेजी थी। 2010 और 2014 में पाकिस्तान की टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। इस बार हांगझोऊ में भारत ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण जीत लिया है। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 116 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंकाई टीम 97 रन ही बना सकी। इस महाद्विपीय प्रतियोगिता में क्रिकेट नौ साल बाद शामिल किया गया है। 2018 के एशियाई खेलों से क्रिकेट को बाहर कर दिया गया था। शीर्ष चार टीमों भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया गया था। चारों ने ही अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंची और इस तरह भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत इस टूर्नामेंट में मजबूत टीम लेकर उतरा था। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में ऐसी कई स्टार हैं जो अपने दम पर मैच पलटने का दमखम रखती हैं। स्मृति, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार, ऋचा घोष के अलावा युवा तितास साधू, मिन्नू मणि, कनिका आहुजा भी टीम में थीं। भारतीय टीम की ओर से कुछ मैचों में शानदार और सूझबूझ वाली बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजों की विविधता वाली गेंदबाजी ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। भारत की ओर से स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, पूजा वस्त्राकर और तितास साधु स्टार बनकर उभरे। सबसे खास बात यह रही कि हर मैच में कोई नया स्टार मिला। आइए इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया के सुनहरे सफर को देखते हैं... एशियाई खेलों में शीर्ष वरीयता वाली टीम इंडिया को सीधे क्वार्टर फाइनल मैच खेलने का मौका मिला था। मलयेशिया के खिलाफ मुकाबले में टीम इंडिया ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर बैन की वजह से यह मैच नहीं खेल सकीं और स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरूआत की। हालांकि, स्मृति मंधाना 16 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुईं। बारिश की वजह से मैच 15-15 ओवर का कर दिया गया। ऐसे में शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 86 रन की साझेदारी की। शेफाली 39 गेंद में 67 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा 29 गेंद में 47 रन बनाकर नाबाद रहीं। अंत में ऋचा घोष ने सात गेंद में नाबाद 21 रन बनाकर भारत का स्कोर 173/2 तक पहुंचा दिया। डकवर्थ लुईस नियम के तहत मलयेशिया के सामने 15 ओवर में 177 रन का लक्ष्य था। मलयेशिया ने दो गेंद में एक रन बनाया था, लेकिन इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई और आगे का खेल नहीं हो सका। अंत में मैच रद्द कर दिया गया और बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। हरमनप्रीत की गैरमौजूदगी में स्मृति मंधाना की अगुआई में उतरी भारतीय टीम ने इस जीत के साथ कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया था। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 17.5 ओवर में 51 रन बनाए थे। सिर्फ कप्तान निगर सुल्ताना ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाईं थी। उन्होंने 12 रन बनाए थे। भारत के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट पूजा वस्त्राकर ने लिए थे। भारत ने 8.2 ओवर में दो विकेट खोकर 52 रन बनाए और लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा 15 गेंद में नाबाद 20 रन बनाए। शेफाली ने 17 रन का योगदान दिया।

# चीन शीर्ष पर, भारत 11 पदकों के साथ छठे स्थान पर

**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। भारतीय दल ने हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 की शुरूआत शानदार अंदाज में की है। भारत ने पहला पदक 24 सितंबर को जीता था और उसके बाद से जीत का सिलसिला जारी है। 2018 एशियाई खेलों में भारतीय दल ने 570 सदस्यीय मजबूत दल से 80 पदक अर्जित करके एशियाड में अपना सबसे ज्यादा पदक का रिकॉर्ड बनाया था। अब इस संस्करण में, भारतीय टीम को अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार करने की उम्मीद है, जिसमें 100 से ज्यादा पदकों का लक्ष्य रखा गया है। भारत के लिए हांगझोऊ में महिला शूटिंग टीम ने 24 सितंबर को पदक का खाता खोला था। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीमः मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की शूटिंग टीम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल करने के बाद रजत पदक जीता। उन्होंने 1886 का कुल स्कोर बनाया। अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की जोड़ी ने लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स में रजत पदक जीता। लेख राम और बाबू लाल यादव की जोड़ी ने तीसरे स्थान पर रही और कांस्य पदक अपने नाम किया। रोइंग में पदक का सिलसिला जारी रखते हुए भारत ने इस बार पुरुषों की आठ स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता। महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली रमिता जिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में 230.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। दिव्यांश सिंह पंवार, रुद्रांक्ष पाटिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की तिकड़ी ने 2023 एशियाई खेलों में भारत को अपना पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

**पदक तालिका**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 34 | 17 | 7 | 58 |
| 2 | दक्षिण कोरिया | 8 | 8 | 11 | 27 |
| 3 | जापान | 5 | 12 | 11 | 28 |
| 4 | उजबेकिस्तान | 4 | 4 | 4 | 12 |
| 5 | हॉन्गकॉन्ग | 2 | 4 | 7 | 13 |
| 6 | भारत | 2 | 2 | 6 | 11 |

# तीसरे वनडे में भी नहीं खेलेंगे अक्षर पटेल, चोट से उबरने में लगेगा समय






**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 27 सितंबर को राजकोट में होना है। टीम इंडिया तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है और तीसरा मैच भी अपने नाम कर कंगारू टीम का सूपड़ा साफ करना चाहेगी। हालांकि, तीसरे मैच से पहले भारतीय टीम को बड़ झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इंदौर में शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल तीसरा मैच नहीं खेलेंगे। गिल के साथ शार्दुल ठाकुर को भी तीसरे मैच के लिए आराम दिया गया है और दोनों खिलाड़ी अपने घर चले गए हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल भी समय रहते फिट नहीं हो पाए हैं। उनकी अश्विन को मौका दिया जाएगा। ऐसे में अक्षर के विश्व कप खेलने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

शार्दुल और गिल विश्व कप में भारत के पहले अभ्यास मैच के लिए गुवाहाटी में भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन विश्व कप से पहले कुछ खिलाड़ियों के लिए कार्यभार प्रबंधन की योजना पर काम कर रहा है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों के लिए चार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव को आराम दिया गया था। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस कदम के बारे में बताते हुए कहा था, ꞉सौभाग्य से हमें एशिया कप में काफी क्रिकेट खेलने का मौका मिला। यदि ऐसा नहीं होता, तो हम इसे किसी और तरीके से देखते। शारीरिक से अधिक, कभी-कभी लोगों को मानसिक ब्रेक की जरूरत होती है। जो कि विश्व कप जैसे टूर्नामेंट से पहले कोई बुरी बात नहीं है। रोहित, विराट, कुलदीप और हार्दिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। रविवार को जारी बीसीसीआई के एक बयान में बताया गया कि स्टार गेंदबाज बुमराह को अपने परिवार से मिलने के लिए दूसरे वनडे से छुट्टी दी गई थी। वह भी राजकोट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। दूसरे वनडे में उनकी जगह मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया था। इस बीच एक अन्य रिपोर्ट से पता चला है कि एशिया कप टूर्नामेंट के दौरान बाईं कलाई में लगी चोट से उबर रहे अक्षर पटेल फिट नहीं हैं। वह तीसरे मैच से बाहर हो चुके हैं और फिलहाल एनसीए में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं। अक्षर की अनुपस्थिति से अश्विन के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत के लिए लगातार तीसरी बार खेलने की उम्मीद बढ़ गई है, जहां उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। अश्विन ने मोहाली में एक विकेट और इंदौर में तीन विकेट लिए हैं। अक्षर के फिट होने पर चयनकताओं के लिए अश्विन और उनके बीच चयन करना मुश्किल होगा।

# मनोरंजन

## फिल्म एनिमल में रश्मिका मंदाना मचाएगी धमाल



बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म एनिमल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एनिमल से अपने लुक की झलक दिखाई है। रश्मिका ने इस ट्वीट में लिखा है, मिलिए गीतांजलि से इस पोस्टर में रेड और व्हाइट कॉम्बिनेशन की साड़ी में रश्मिका मंदाना अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना के एनिमल मूवी के लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

## अपारशक्ति खुराना की फिल्म बर्लिन का लॉस एंजिल्स 2023 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर



भारतीय सिनेमा में अपने अभिनय के लिए जाने जाने वाले बहुमुखी अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी फिल्म बर्लिन का लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर के लिए चुनी गई है। यह इवेंट न केवल अपारशक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है बल्कि वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा के लिए भी। प्रतिष्ठित भारतीय फिल्म फेस्टिवल के लिए इस फिल्म का चयन इसकी मनोरम कहानी और अपारशक्ति की अपनी कला के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दोनों का प्रमाण है। प्रशंसित वेब सीरीज जुबली में मदन कुमार की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित करने के बाद, वह अब बर्लिन में लेखक अतुल सबरवाल के साथ काम कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस बार सबरवाल ने एक रोमांचक सहयोग का वादा करते हुए फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म में कबीर बेदी, राहुल बोस, इश्वाक सिंह और अनुप्रिया गोयनका जैसे प्रमुख कलाकार भी हैं। बर्लिन में अपने काम के अलावा अपारशक्ति स्त्री 2 में प्रिय किरदार बिट्टू को एक बार फिर चित्रित करने के लिए स्त्री टीम के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। उनके पास अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सहयोग से फाइंडिंग राम नामक एक आगामी डॉक्यूमेंट्री भी है। यह प्रोजेक्ट उनके लिए फिल्म निर्माण की एक नई शैली में उनका नया कदम है।

## बॉलीवुड से बनारस तकः नरगिस फाखरी की वाराणसी डायरीज



सिनेमा में अपनी बहुमुखी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने टटलूबाज की फिल्मिंग के दौरान एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की। यह एक ऐसी यात्रा थी जो न केवल उनकी वाराणसी की पहली यात्रा थी बल्कि शहर की संस्कृति और इतिहास की गहन खोज भी थी। अपने शब्दों में नरगिस इस परिवर्तनकारी अनुभव से अपना उत्साह साझा करती हैं। नरगिस ने कहा, वाराणसी की मेरी पहली यात्रा किसी रोमांच से कम नहीं थी। मैंने हमेशा शहर की पवित्रता और दुनिया के सबसे पुराने स्थानों में से एक के रूप में इसके स्थान के बारे में सुना था। एक भावुक यात्री के रूप में, जो नई जगहों की खोज करना पसंद करती है, वाराणसी मेरे लिए बहुत खास साबित हुई है। शाम की आरती समारोह से लेकर सुबह की शांत गंगा में नाव की सवारी तक, हमारी शूटिंग के दौरान घाटों पर सूर्योदय और सूर्यास्त देखना और राजसी पुराने मंदिरों की व्यक्तिगत प्रशंसा करना, मुझे शहर की संस्कृति और इतिहास से जोड़ती है। जैसा कि नरगिस फाखरी टटलूबाज के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। यह सीरीज दर्शकों को वाराणसी की प्राचीन सड़कों के माध्यम से नरगिस की यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है, जो टटलूबाज को सिर्फ एक शो ही नहीं बल्कि एक वास्तविक और समृद्ध अनुभव बनाता है।

## अक्षय कुमार स्टारर पूजा एंटरटेनमेंट के मिशन रानीगंज का ट्रेलर हुआ रिलीज



'मिशन रानीगंज' के हाल ही में जारी किए गए मोशन पोस्टर ने पहले से ही दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता पैदा की है, जो रियल लाइफ कहानी पर आधारित इस दिलस्चप रेस्क्यू थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर किसी सिनेमाई ट्रीट और सरप्राइज से कम नहीं लग रहा है। यह भावनाओं, ड्रामा, प्रेरणा, साहस और भावपूर्ण संगीत की एक रोलर-कोस्टर सवारी है, जिसे कलाकारों के शानदार प्रदर्शन के साथ खूबसूरती से बुना गया है। अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा स्टारर इस रेस्क्यू थ्रिलर में बड़े पैमाने पर कलाकार हैं और यह सिल्वर स्क्रीन पर अब तक का सबसे उल्लेखनीय कोयला खदान बचाव अभियान होने का वादा करता है। ट्रेलर के प्रमुख आकर्षणों में से एक पानी के नीचे शानदार ढंग से फिल्माया गया सीक्वेंस है जिसमें अक्षय और फिल्म की इम्प्रेसिव कास्ट हमें रेस्क्यू मिशन की एक झलक दिखाते हैं। हर फ्रेम में अक्षय के किरदार जसवन्त सिंह गिल का समर्थन करने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों का शानदार समूह भी प्रदर्शित होता है, जो वास्तव में दिल को छू लेने वाला है। यह एक बेहद शानदार अनुभव है जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगा। निमार्ता दीपशिखा देशमुख कहती हैं, मैं 'मिशन रानीगंज' का ट्रेलर पेश करते हुए बहुत रोमांचित हूं। इस फिल्म में तकनीकी टीमों, कड़ी मेहनत और पूरी सावधानी के साथ प्लानिंग हुई है, और जिस तरह से यह बनी है उससे मैं इससे ज्यादा खुश नही हो सकती। यह एक इंस्पायरिंग कहानी है जिसे बड़े पैमाने पर स्क्रीन्स पर देखने, महसूस करने और सेलिब्रेट करने की जरूरत है। मैं दर्शकों को 'मिशन रानीगंज' द्वारा पेश की गई हिम्मत, मानवीय भावना और दृढ़ संकल्प की दिल छू लेने वाली यात्रा का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। निर्देशक टीनू सुरेश देसाई कहते हैं, एक फिल्म मेकर के रूप में, मुझे 'मिशन रानीगंज' का ट्रेलर पेश करते हुए खुशी और बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यह मन इमोशन की अथक भावना और दृढ़ संकल्प के बारे में बात करता है। मैं इस रोमांचक और प्रेरणादायक कहानी को बड़े पर्दे पर दर्शकों के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ परिणीति चोपड़ा, कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, रवि किशन, वरुण बडोला, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, शिशिर शर्मा, अनंत महादेवन, जमील खान, सुधीर पांडे, बचन पचेरा, मुकेश भट्ट और ओंकार दास मानिकपुरी नजर आएंगे। 'मिशन रानीगंज' मन इमोशन्स और इंजीनियरिंग दिमाग के लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और वीरता का एक प्रतीक है। यह फिल्म रुस्तम के बाद टीनू सुरेश देसाई की अगली थ्रिलर भी है, जिसने उन्हें बड़े पैमाने पर क्रिटिकल और कमर्शियल अक्लेम दिलाया था। वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर द्वारा निर्मित, 'मिशन रानीगंज' टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म का म्यूजिक जेजस्ट का है। एक ऐसा कोल माइन एक्सीडेंट जिसने देश और दुनिया को झकझोर कर रख दिया और जसवंत सिंह गिल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम के अथक प्रयासों को दशार्ती यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# निगम आयुक्त ने सफाई शाखा की बैठक ली

## ऑनलाइन अटेंडेंस ना लगाने वाले सफाई कर्मचारियों से सख्ती से निपटा जाए

- स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल बिठा कर शेड्यूल के मुताबिक फॉगिंग की जाए
- अधिकारी जल्द एमआरएफ सेंटर के लिए जगह करें सुनिश्चित



**भूपेंद्र शर्मा**

**पंचकूला।** निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने सोमवार को सफाई शाखा की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त डॉक्टर ऋचा राठी भी मौजूद रही। बैठक में आयुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक अविनाश सिंगला से सफाई कर्मचारियों द्वारा लगाई जा रही हाजरी के बारे में पूछा, जिस पर मुख्य सफाई निरीक्षक ने बताया कि अभी भी कुछ सफाई कर्मचारी ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं लगा रहे, इस पर आयुक्त के मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि वे सफाई कर्मचारियों से सख्ती से निपटें और उनकी ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही आयुक्त ने निर्देश दिए कि शहर में जहां भी हॉर्टिकल्चर वेस्ट पड़ा है वहां से समय पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान किया जाए। बैठक में आयुक्त ने एमआरएफ सेंटर के लिए साइट सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों से कहा। इसके बाद आयुक्त ने फोगिंग को लेकर अधिकारियों से पूछा, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि फॉगिंग लगातार करवाई जा रही है, इस पर आयुक्त ने कहा कि फॉगिंग पूरे पंचकूला में शेड्यूल के मुताबिक ही की जानी चाहिए और निगम, स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल बिठा कर समय अनुसार फोगिंग सुनिश्चित करे। इसके बाद आयुक्त ने अधिकारियों से बल्क वेस्ट जनरेट करने वालो पर अब तक की गई कार्रवाई बारे पूछा, इसपर अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बल्क वेस्ट जनरेट करने वालों पर कुल 18 हजार रुपए जुमार्ना ही लगाया गया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी होटल्स और कमर्शियल इंस्टीट्यूशंस पर नजर रखी जाए और इन पर नकेल कसते हुए जुमार्ना वसूला जाए। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों से काऊ डंग पॉलिसी इंप्लीमेंट करने बारे पूछा, जिस पर मुख्य सफाई निरीक्षक ने बताया कि चलानिंग करने की प्रक्रिया की रूप रेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही चलानिंग की कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाए। बैठक में एक्सईएन प्रमोद कुमार, सुमित मलिक, सीएसआई अविनाश सिंगला, जेई सचिन धीमान मोजूद रहे।

## साइबर अपराध को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस की रफतार हुई तेज – हेल्पलाइन पर तैनात कर्मियों की संख्या की गई दोगुनी



**पंचकूला।** प्रदेश में अब साइबर अपराध को रोकने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन-1930 पहले की अपेक्षा दोगुनी रफतार से काम करने जा रहा है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार अब साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात स्टाफ की संख्या को पहले से दोगुना किया गया है ताकि हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का पहले की अपेक्षा और अधिक शीघ्रता से समाधान किया जा सके। कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में तकनीक के साथ साथ साइबर अपराधों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। साइबर अपराधी नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते हुए लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड करके उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों का तत्परता से समाधान किया जाए। इसके अलावा, लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देने को लेकर जल्द ही जागरूकता अभियानों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि लोग सतर्क रहें और बैंक खाता संबंधी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करें। उन्होंने कहा कि इसे लेकर बैंकर्स के साथ भी बैठक आयोजित किए जाने की योजना है ताकि उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम किया जा सके। गौरतलब है कि हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा पिछले सप्ताह सेक्टर-3 पंचकूला स्थित 112- आईआरएसएस में संचालित किए जा रहे हेल्पलाइन नंबर-1930 के कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान कपूर ने यहां तैनात ड्यूटी स्टाफ से उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने स्टाफ से पूछा कि जब उन्हें साइबर अपराध संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो पीड़ित व्यक्ति से क्या-क्या जानकारी ली जाती है और एसओपी क्या है जिस पर उपस्थित स्टाफ ने उन्हें अपनी कार्यप्रणाली के बारे में बताया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि जनवरी से अगस्त माह तक इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्रदेश में लोगों के लगभग 22.38 करोड रुपए ठगी होने से बचाए गए हैं।

## सरकारी दफ्तरों के बंद पड़े लैंडलाइन नम्बरों को चालू करवाने बारे उपायुक्त को लिखा पत्र



**सुभाष कोहली**

**कालका।** कालका शहर के तकरीबन सभी सरकारी दफ्तरों के लैंडलाइन नम्बर बंद होने की वजह से लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है; चाहे पोस्ट ऑफिस हो, नगर परिषद हो, पुलिस स्टेशन हो, एसडीएम ऑफिस हो, पब्लिक हेल्थ हो, या फिर बिजली दफ्तर हो, सभी का यही हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी विभाग के अधिकारी से बात करनी हो या पता करना हो कि दफ्तर में उपस्थित है कि नहीं, तो वे कैसे करें। लैंडलाइन नम्बर बंद होने की वजह से लोगों को अपने वाहनों में, या फिर ऑटो में सफर कर दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। बड़े हैरानी की बात है कि 1 या 2 नहीं, सभी विभागों के लैंडलाइन नम्बरों का बंद होना, लोगों की समझ से परे है। आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन (रजि.), इकाई हरियाणा द्वारा उपायुक्त पंचकूला को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया गया है कि जल्द ही सरकारी विभागों के लैंडलाइन नम्बर चालू हालत में करवाने बारे सम्बंधित विभाग के अधिकारी को उचित निर्देश जारी किए जाएं।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते दो काबू

**चंडीगढ़।** एसएसपी कंवरदीप कौर के पद ज्वाइन करते ही उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए सबसे पहला उठाया था कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर न बख्शा जाए। इसी कड़ी के तहत पुलिस रोजाना रात 8 से रात 11 बजे तक अपने-अपने इलाकों में छापामारी कर रही है। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि बाद में दोनों आरोपियों को बेल पर छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सेक्टर-3 ने किशनगढ़ के रहने वाले 22 वर्षीय गुरप्रीत सिंह को रेगुलेटर ऐंड सुखना लेक के पास बनी पार्किंग में शराब पीते पकड़ा। वहीं धनास के स्माल फ्लैट्स के रहने वाले 42 वर्षीय हरिश कुमार को सेक्टर-25 स्थित शराब के ठेके के बाहर से गिरफ्तार किया गया। दोनों ही आरोपी शराब के नशे में धुत होकर हुडदंग कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पंजाब पुलिस एक्ट 2007 की धारा 68-1(बी) और आईपीसी की धारा 510 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके अलावा एसएसपी कौर ने साफ शब्दों में शहरवासियों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई भी कार्य न करें जो कानून के दायरे से बाहर हो।

## दर्द और तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन (एनजीओ) ने सीनियर सिटीजन एसोसिएशन सेक्टर 27 चंडीगढ़ की मदद से दर्द और तनाव प्रबंधन पर एक मुफ्त कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला सामुदायिक केंद्र सेक्टर 27बी चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी और इसे फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएआई) चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा समर्थित किया गया था। कार्यशाला का आयोजन सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन (एनजीओ) की सचिव और आधुनिक समय के लिए रचित एक सिद्ध उपचार पद्धति 'बीइंग अलमस्त' - ब्लिसफुल लिविंग की संस्थापक महक सिंह द्वारा किया गया था। कार्यशाला का संचालन प्रेरक वक्ता, लेखक और पेशे से समुद्री इंजीनियर जसजीत सूरी ने किया। उन्होंने तनाव प्रबंधन के लिए काम करने के प्रमुख क्षेत्रों को साझा किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे प्रत्येक प्रमुख क्षेत्र का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए और दर्द एवं तनाव से छुटकारा पाया जाए। एफएसएआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष सुरिंदर बाहगा ने कहा कि बूढ़े लोग अकेलेपन और सीमित पुनयोर्जी क्षमताओं के कारण तनाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। आज की कार्यशाला की रचना इसलिए की गई थी ताकि वे स्वयं तनाव का प्रबंधन कर सकें। सीनियर सिटीजन एसोसिएशन सेक्टर 27 चंडीगढ़ की अध्यक्ष लवलीन कौर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए संपत्ति और आदर्श संरक्षक हैं। इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन बार-बार किया जाएगा ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस अवसर पर शिखा निझावन अध्यक्ष आरडब्ल्यूए सेक्टर 27 डी चंडीगढ़ और जसजोत सिंह अलमस्त, संस्थापक अध्यक्ष सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अमृतसर से नशा लाकर ट्राईसिटी में करता था सप्लाई, गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने मुकेश कुमार नाम के एक ड्रग सप्लायर को पकड़ा और उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की। टीम को जांच में पता लगा कि आरोपी पंजाब के अमृतसर और आस-पास के शहरों से ड्रग्स लाकर ट्राईसिटी में सप्लाई करता था। आरोपी को पकड़ने के लिए एसपी क्राइम एवं मुख्यालय केतन बंसल के निदेर्शानुसार, डीएसपी क्राइम उदयपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर सतविंदर के नेतृत्व में एएनटीएफ की एक टीम का गठन किया गया था। जानकारी के अनुसार आरोपी की उम्र 34 साल है और वह सेक्टर-29बी के मकान नंबर 1433/28 में रहता है। 22 सितंबर को एसआई बलजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी पुलिस स्टेशन मलोया के क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और रोकथाम गश्त ड्यूटी पर थी। जब पुलिस टीम मोहाली से चंडीगढ़ रोड के पास थी, तो पलसोरा चौकी के विपरीत दिशा से आ रही सड़क से उन्हें एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ा। पुलिस कर्मियों ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की।

## चंडीगढ़ में क्रिकेट के उथान के लिए बीसीसीआई के प्रयास जारी रहेंगें: शाह




**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** गोवा में आयोजित बीबीसीआई की 92वें एनुअल जनरल मीटिंग (ऐजीएम) में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) अध्क्षय संजय टंडन ने शहर में क्रिकेट के उत्थान के लिये कार्यकारिणी के समक्ष धमाकेधार पक्ष रखा। सर्वप्रथम टंडन ने बीसीसीआई सचिव का आभार व्यक्त किया जिसके अंर्तगत बीसीसीआई ने यूटीसीए को लगभग डेढ़ करोड़ के मैदान में मैच सुचारु करने के लिये फील्ड एक्यूपमेंट्स दिये हैं। टंडन ने बैठक के दौरान पुरजेर मांग कि यूटीसीए की बीसीसीआई में सदस्यता को प्रोमोट कर दिया जाना चाहिये। उनका मत था कि चार वर्ष के गठन में चंडीगढ़ के क्रिकेटर्स नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। इसलिये उन्होंनें दलील दी कि यूटीसीए की सदस्यता को प्रोमोट कर दिया जाना चाहिये जिससे की चंडीगढ़ के खिलाड़ियों को ओर बेहतर लाभ मिल सके। उन्होंनें कहा कि देश भर में निर्माण और पुर्रत्थान हो रहा जिसके लिये चंडीगढ़ के लिये भी प्रयास तेज किये जाने चाहे। बैठक में कोषाध्यक्ष सीए आलोक कृष्ण भी चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। टंडन और कृष्ण ने यूटीसीए के बजट आवंटन के लिये ओर अधिक बजट की मांग की। सचिव जय शाह ने भी टंडन की मांगों पर संज्ञान लिया और कहा चंडीगढ़. में क्रिकेट के मूलभूत ढ़ांचों के उत्थान में बीसीसीआई अपने प्रयास जारी रखेगा।

## सौंदर्य और टिकाऊ मेकअप के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों पर कार्यशाला आयोजित

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, सेक्टर 36-ए के कॉस्मेटोलॉजी विभाग ने सौंदर्य और टिकाऊ मेकअप के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़ की प्रबंधक दीपिका ने विद्यार्थियों को सौंदर्य उद्योग में करियर से परिचित कराया। ट्रेस लाउंज, सेक्टर 8, चंडीगढ़ में मेकअप विशेषज्ञ कोमल और स्नेह सामान्य मेकअप और टिकाऊ मेकअप के सत्र में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं। कोमल ने विद्यार्थियों को सामान्य मेकअप करके दिखाया और स्नेह ने विद्यार्थियों को माइक्रो-नीडलिंग, माइक्रोब्लैडिंग आदि सहित टिकाऊ मेकअप में नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाया । कॉलेज की प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने और अपनी क्षमता के अनुरूप किसी भी चयनित क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता पर बल दिया।

## 6वां विशाल श्री गणेश महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**जीरकपुर।** गुरु नानक एनक्लेव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ढकोली की तरफ से 6वा विशाल श्री गणेश महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। गणेश महोत्सव 19 सितंबर से 25 सितंबर तक मनाया गया। संजीव बंसल ने बताया की 19 सितंबर बुधवार को गणपति का आगमन प्रात 8:30 बजे बड़ी धूम धाम और ढोल बैंड बाजे के साथ किया गया। 23 सितंबर शनिवार को चौकी साय 7:30 बजे की गई। भंडारा 23 सितंबर को किया गया। गणेश विसर्जन 25 सितंबर को घग्गर में बड़ी धूम धाम और ढोल बैंड बाजे के साथ किया गया। 25 सितंबर को गणेश विसर्जन से पहले सुबह हवन किया गया और प्रसाद बांटा गया। दोपहर को करीब 4:00 बजे गुरु नानक एनक्लेव में भक्तो ने डोल धमाके के साथ एक दूसरे को रंग लगाए और गणपति बप्पा मोरया के साथ गणेश जी की मूर्ति को घग्गर नदी में विसर्जन किया, और कहा अगले वर्ष जल्दी आना। गणेश महोत्सव का आयोजक गुरु नानक एनक्लेव वेलफेयर एसोसिएशन ढकोली की तरफ से किया जाएगा। इस मौके पर सौरभ शर्मा, पुनीत जैन, चिरंजी लाल, मनीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## एकात्म मानववाद का विचार आज भी प्रासंगिक है: अरूण सूद



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**चंडीगढ़।** आदरणीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, महामंत्री रामवीर भट्टी, महामंत्री चन्दर शेखर, उप प्रधान आशा जैस्वाल, प्रदेश सचिव देवी सिंह, गजेंद्र शर्मा, पार्षद उमेश घई, मनोज सोनकर, भाजपा के सभी जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। इस वक्त अरूण सूद ने दीन दयाल जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा श्रद्धेय पंडित जी का संपूर्ण जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा। वे प्रकाश-पुंज बनकर भारत को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उनका 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है। पंडित जी कहा करते थे के सबसे जरूरी है कि हम हमारी राष्ट्रीय पहचान के बारे में सोचें, जिसके बिना आजादी का कोई अर्थ नहीं होता। अंतोदय के रूप में उन्होंने ऐसा विचार दिया है जिससे पूरे भारत में हर एक नागरिक के हक को सुरक्षित रखने की बात थी, उसी विचारधारा पर चलकर आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी यह सुनिश्चित कर रहे हैं के हर गरीब से गरीब को भी उसका हक मिले। श्रद्धांजलि देते हुए रामबीर भट्टी और चंदरशेखर ने कहा के पंडित दीन दयाल जी के विचारों के प्रकाश पथ पर चलकर जिस भारत का निर्माण होगा, उस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होगा। मां भारती के सच्चे सेवक, दीनदयाल जी अपने विचारों की एक ऐसी ज्योत छोड़कर गये हैं, जिससे भारत की भावी पीढ़ियां सर्वदा प्रेरित वा प्रोत्साहित होती रहेंगी।

**उद्घाटन**

### सरकार को हर क्षेत्र और हर वर्ग के लोगों की चिंता है: रंधावा

## रंधावा द्वारा डेराबस्सी में करोडों के विकास कार्यों की शुरूआत



**संदीप सिंह बावा**

**जीरकपुर।** हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज डेराबस्सी शहर के विभिन्न इलाकों में 2.86 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी वरिंदर जैन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती आशु उपनेजा, वरिष्ठ नेता नरेश उपनेजा, ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत शर्मा, जे.ई. तरण चंद सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद और आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक मौजूद रहे। विधायक रंधावा ने आज वार्ड नंबर 16 के तहत जनेतपुर से जंगी ईसापुर तक 40 लाख रुपये की लागत से सड़क पर इंटरलॉक टाइलें लगाने के काम की शुरूआत की।

वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में एटीएस रोड के जल निकासी की व्यवस्था हेतु 49.50 लाख रुपए की लागत से पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ किया। वार्ड नंबर 19 के अंतर्गत शिवालिक एन्क्लेव में 25 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉक टाइल्स लगाने का काम शुरू हुआ। वार्ड नंबर 8 अंतर्गत लक्की विहार में 25 लाख रुपये की लागत से जल निकासी एवं गली निर्माण कार्य शुरू किया गया।

49.82 लाख रुपये की लागत से जनेतपुर से बाकरपुर बीर तक सड़क का निर्माण शुरू किया गया और 97 लाख रुपये की लागत से डीएवी स्कूल से हैबतपुर तक सड़क का निर्माण शुरू किया गया। इस मौके पर विधायक कुलजीत रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार हर क्षेत्र और हर वर्ग के लोगों की चिंता कर रही है।

उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं उचित सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। प्रदेश की 'आप' सरकार हर क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों के लिए तरक्की के दरवाजे खोल रही है। युवाओं को बड़ी संख्या में नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि शहरों का सक्रिय रूप से विकास किया जा रहा है. लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का पहला कर्तव्य है।

## संक्षिप्त-समाचार

### एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों ने ग्रहण की स्वच्छता शपथ



**चंडीगढ़।** विद्युत मंत्रालय के निदेर्शानुसार एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा -2023' का आयोजन दिनांक 25.09.2023 से 02.10.2023 तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज दिनांक 25.09.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण की गई । इस शपथ में सभी ने अपने अपने कार्यस्थल एवं आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने की शपथ ली ।

### अविका ने 100 मीटर में सिल्वर और 200 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीते




**चंडीगढ़।** सेक्टर-7 के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में खेलो इंडिया द्वारा आयोजित अंडर-16 गेम्स हुई जिसमें वुमन कैटेगरी में अविका बदादा ने दोहरी बाजी मारी है। खास बात है कि अविका 16 साल की है और उन्होंने अंडर 16 कैटेगरी में दो मैडल हासिल किए हैं। पहला रेस की 100 मीटर कैटेगरी में सिल्वर और दूसरा 200 मीटर कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल। अंडर 16 की यह गेम ओपन कैटेगरी में रही जिसमें शहर से 25 के करीब पार्टिसिपेंट्स रहे। अविका ने बताया, रनिंग करने का असल मकसद फिटनेस है। इससे शरीर की एंड्यूरेंस को बरकरार रहती है और हम एनर्जेटिक महसूस करते हैं।

### अहाते का मालिक जुआ खेलते हुए गिरफ्तार, 10 हजार से ज्यादा की राशि बरामद

**चंडीगढ़।** गैंबलिंग एक्ट के तहत मनीमाजरा पुलिस थाना ने एक आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। हैरान करने वाली बात यह है कि उपरोक्त आरोपी स्वंय का अहाता चलाता है और उसी अहाते के बाहर वह जुआ खेल रहा था। आरोपी की पहचान 52 वर्षीय हरप्रीत सिंह निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीमजारा थाना में तैनात एएसआई सुमन कुमार अपने दल के साथ पेट्रोलिंग पर थी। जब वह मनीमाजरा स्थित मोटर मार्केट में बने शराब के ठेके के बाहर पहुंची तो देखा कि ठेके के साथ बने अहाते के बाहर काफी भीड़ लगी थी। मौके पर जाकर देखा तो अहाते का मालिक जुआ खेल रहा था। उसके पास से पुलिस ने 10,405 रुपए की नकद राशि बरामद की। आरोपी ने ग्रेजुएशन की हुई है। फिलहाल उसे बेल दे गई है और मामले की जांच जारी है।

### आल इंडिया ईएसआईसी नर्सिंग ऑफिसर फेडरेशन का पांचवा नेशनल कन्वेंशन व एजीएम आयोजित




**चंडीगढ़।** आल इंडिया ईएसआईसी नर्सिंग ऑफिसर फेडरेशन का पांचवा नेशनल कन्वेंशन व एजीएम होटल शिवालिक व्यू सेक्टर 17 चंडीगढ़ में हुई । इसमें 16 राज्यों से लगभग 80 डेलिगेट्स ने भाग लिया। इस मौके पर संगठन के जनरल सेक्रेटरी जोधराज बैरवा ने बताया कि उनके कुछ मांगे हैं जिनका मांग पत्र पहले से केंद्र सरकार को दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में रेगुलर भर्ती ,नर्सिंग ऑफिसर्स को बोनस व प्रोमोशन, उनकी जॉब प्रोफाइल का रिव्यू व उन सबके लिए एक जैसी यूनिफॉर्म होनी चाहिए। इस मौके पर उनके संगठन का चुनाव भी हुआ वह आने वाले साल में संगठन के सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई ।

### 17 अक्तूबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिपत पुनरीक्षण



**पंचकूला।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिपत पुनरीक्षण का कार्यक्रम 1 जनवरी 2024 को क्वालिफाइंग तारीख मानकर 17 अक्तूबर से 30 नवंबर तक किया जाना है। इस दौरान 18 या इससे अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने बताया कि इस कार्य के लिए जिला पंचकूला के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 20 अक्तूबर, 2023 तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला में 28 सितंबर तक इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय रायपुररानी तथा राजकीय पोलटैक्निक, नानकपुर में 29 सितंबर तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय बरवाला, राजकीय महाविद्यालय कालका तथा राजकीय पोलटैक्निक सेक्टर 26 में 3 अक्तूबर से 6 अक्तूबर तक जबकि राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14, बी.आर.एस. डैन्टल महाविद्यालय जलौली तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिटना पिंजौर में 9 से 13 अक्तूबर तक इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर 14, राजकीय महिला पोलटैक्निक मोरनी तथा राजकीय महाविद्यालय मोरनी में 16 से 20 अक्तूबर तक इन शिविरों का आयोजन कर मतदाता जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

### कनाडा-भारत संबंधों में कड़वाहट से चिंतित हैं पंजाबी: कुलजीत सिंह बेदी



**मोहाली।** मोहाली नगर निगम के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल को पत्र लिखा है। कनाडा में रहने वाले पंजाबियों और कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों को भारत-कनाडा की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले में एनआरआई हेल्पलाइन स्थापित करने का अनुरोध किया गया है। कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि इस वक्त भारत और कनाडा के रिश्तों में काफी कड़वाहट है। दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे के वाणिज्य दूतावासों को भी वापस भेज दिया गया है और भारत द्वारा विशेष रूप से कनाडाई नागरिकों को वीजा नहीं देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब से बड़ी संख्या में लोग कनाडा में बस गये हैं और वहां की नागरिकता हासिल कर ली है. शादी का सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है और बड़ी संख्या में कनाडाई नागरिकों के भारत आने की उम्मीद है। इससे कनाडा के ऐसे नागरिक और पंजाब में रहने वाले उनके परिजन काफी असमंजस में हैं, लेकिन सरकार उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करा रही है। कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि इसी तरह जनवरी इंटेक में पंजाब से बड़ी संख्या में छात्रों को कनाडा जाना है, जिनकी फीस भी जमा हो चुकी है, ऐसे छात्र और उनके माता-पिता बहुत भ्रमित और चिंतित हैं कि उनका क्या होगा और वे अवसाद में जा रहे हैं। कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि फिलहाल पंजाब सरकार को तुरंत कनाडा सरकार से संपर्क स्थापित करने की जरूरत है और भारत के विदेश मंत्री को भी इन चिंताओं से अवगत कराया जाना चाहिए. इसके साथ ही छात्रों और उनके अभिभावकों को अपडेट रखने के अलावा कनाडा में रहने वाले पंजाबी नागरिकों के लिए जिला स्तर पर एक एनआरआई हेल्पलाइन शुरू की जानी चाहिए और उन्हें नवीनतम स्थिति की जानकारी लगातार उपलब्ध कराई जानी चाहिए।